उज्जैन
शुक्रवार
01
मई, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-177
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र



स्प्लिट्सविला कंटेस्टेंट का दांत टूटा, आंखों में सूजन आई प्रीत सिंह ने मुंबई के क्लब में मारपीट होने का दावा किया

पेज- 8

## किसी भी हाल में ईवीएम लूटने नहीं देंगे, भवानीपुर स्ट्रॉन्ग रूम में 4 घंटे रहीं

**नई दिल्ली/कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी गुरुवार रात अपनी सीट भवानीपुर के ईवीएम स्ट्रॉन्ग रूम पहुंचीं, जहां वे



करीब 4 घंटे रहीं। ममता ने सभी उम्मीदवारों से कहा था कि वे अपने विधानसभा के स्ट्रॉन्ग रूम के बाहर पहुंचें। ममता ने भवानीपुर से चुनाव लड़ा है। इसलिए वे सखावत मेमोरियल स्कूल में बने स्ट्रॉन्ग रूम में अपने चुनाव एजेंट के साथ परिसर में दाखिल हुईं। रात 12.07 बजे वे बाहर आईं। जहां टीएमसी-बीजेपी कार्यकर्ता पहले से मौजूद थे। बाहर आकर ममता ने मीडिया को बताया- केंद्रीय बलों ने मुझे अंदर जाने से रोका। मैं परमिशन लेने के बाद अंदर गई थी। ईवीएम लूटने की कोशिश की जा रही है, लेकिन मैं मरते दम तक ऐसा होने नहीं दूंगी।

## एअर इंडिया अब हर दिन 100 फ्लाइट्स कम करेगी

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया अपनी इंटरनेशनल और डोमेस्टिक उड़ानों में करीब 10% की कटौती करने जा रही है। टाटा ग्रुप की यह एयरलाइन अक्टूबर के अंत से शुरू होने वाले विंटर शेड्यूल से रोजाना लगभग 100 उड़ानें बंद करेगी। वर्तमान में एयरलाइन हर दिन करीब 900 उड़ानों का संचालन करती है। एयरलाइन ने यह बड़ा कदम जेट फ्यूल की बढ़ती कीमतों और अपने पुराने बेड़े के लिए स्पेयर पार्ट्स की कमी के कारण उठाया है। एअर इंडिया के पास वर्तमान में लगभग 30 वाइड-बॉडी विमान स्पेयर पार्ट्स और इंजन की कमी की वजह से ग्राउंडेड हैं। हालांकि, एयरलाइन ने बोइंग और एयरबस को नए विमानों के बड़े ऑर्डर दिए हैं, लेकिन उनकी डिलीवरी में अभी समय लगेगा।

## ईरान बोला- होर्मुज से भारतीय जहाजों के गुजरने पर रोक नहीं

**तेहरान/वॉशिंगटन।** भारत में ईरान के राजदूत डॉ. मोहम्मद फतहाली ने कहा है कि संघर्ष के बावजूद ईरान होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की



सुरक्षित आवाजाही तय कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत सहित सभी दोस्त देशों के जहाजों पर किसी तरह की रोक नहीं है। एक इंटरव्यू में फतहाली ने कहा कि जो देश ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजराइल की कार्रवाई में शामिल नहीं हैं, उनके जहाज सामान्य तरीके से होर्मुज से गुजर सकते हैं। कई भारतीय जहाज इस रास्ते से गुजर भी चुके हैं। उन्होंने चाबहार पोर्ट को रीजनल कनेक्टिविटी के लिहाज से बेहद अहम बताते हुए कहा कि यह परियोजना लगातार आगे बढ़ रही है और कभी रुकी नहीं है।

## मेरठ में महिला की गर्दन काटकर हत्या, घर के अंदर डेडबॉडी मिली

**मेरठ।** मेरठ में महिला की गर्दन रेतकर हत्या कर दी गई। महिला की लाश उसके घर के अंदर कमरे में पड़ी मिली। जबकि महिला के 3 बच्चे घर के अंदर ही थे। बताया जा रहा है कि महिला का पति घर में नहीं था। शोर सुनकर आसपास के लोग पहुंचे। हत्या की सूचना पर पुलिस भी आ गई है। महिला के शव को कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। घटना शुक्रवार सुबह साढ़े 6 बजे हुई। वारदात लिसाड़ी गेट थानाक्षेत्र के मजीद नगर की है। पड़ोसियों ने बताया कि महिला कौसर की शादी को लगभग 12 साल हो चुके हैं। पति साकिब है। दोनों के 3 बच्चे हैं। पति साकिब दिन में मोबाइल टॉवर लगाने का काम करता है और रात को मंडी में रिक्शा चलाकर मजदूरी करता है।

### जबलपुर के बरगी डैम में तेज तूफान के कारण क्रूज अपना संतुलन खोकर डूबा

# बरगी डैम में अबतक 9 शव मिले, 24 को बचाया

**ब्रह्मास्त्र ›› जबलपुर**

मध्यप्रदेश के जबलपुर में नर्मदा नदी पर बने बरगी डैम में गुरुवार शाम बड़ा हादसा हो गया। टद टूरिज्म का पर्यटकों से भरा क्रूज तेज आंधी और तूफान के बीच डूब गया।

शुक्रवार सुबह तक 9 शव बरामद किए जा चुके हैं। 24 लोगों को सुरक्षित बचाया गया है। जबकि 15 से अधिक लोग लापता बताए जा रहे हैं। प्रशासन के अनुसार क्रूज में 8 से 10 और शव होने की आशंका है। पुलिस और प्रशासन के मुताबिक क्रूज में करीब 40 से 45 पर्यटक सवार थे। हादसा डैम किनारे से लगभग 300 मीटर अंदर हुआ। तेज हवाओं और बारिश के कारण क्रूज अनियंत्रित होकर डूब गया। बरगी सिटी



**क्रूज में 9 और लाशें होने की आशंका, आर्मी ने संभाला मोर्चा**

सीएसपी अंजुल मिश्रा ने बताया कि शुरुआती रेस्क्यू में एसडीआरएफ ने कई लोगों को बचाया, लेकिन अंधेरा और खराब मौसम से राहत कार्य प्रभावित हुआ। शुक्रवार सुबह से फिर रेस्क्यू जारी है।

### रेस्क्यू ऑपरेशन तेज सेना भी शामिल

अंधेरा और बारिश के बीच एसडीआरएफ टॉर्च की मदद से सर्च ऑपरेशन चला रही है। क्रूज को रस्सियों से बांधकर किनारे लाने की कोशिश की गई, लेकिन सफलता नहीं मिली। अब भारतीय सेना की टीम भी रेस्क्यू में शामिल हो गई है। हैदराबाद से स्पेशल टीम और एक हेलीकॉप्टर भी रवाना किया गया है, जबकि कोलकाता से पैरामिलिट्री टीम जबलपुर पहुंच चुकी है। हाइड्रोलिक मशीन की मदद से नदी क्षेत्र को पाटकर क्रूज तक पहुंचने और फंसे लोगों को निकालने की कोशिश की जा रही है।

### क्रूज 20 फीट गहराई में फंसा

जानकारी के अनुसार क्रूज करीब 20 फीट गहरे पानी में फंसा है। जेसीबी और नाव की मदद से उसे लगभग 30 मीटर तक खींचा गया, लेकिन आगे नहीं बढ़ सका। अब पोकलेन मशीन और भारी उपकरणों से उसे किनारे लाने का प्रयास जारी है। साथ ही गड्ढा खोदने की तैयारी भी की जा रही है।

### लाइफ जैकेट पहनने का मौका नहीं मिला

क्रूज पायलट महेश ने बताया कि वह 10 साल से सेवा में है और सभी सुरक्षा उपकरण मौजूद थे, लेकिन तूफान इतनी तेजी से आया कि यात्रियों को लाइफ जैकेट पहनने का मौका नहीं मिला। अधिकारियों के मुताबिक मृतकों और लापता लोगों की संख्या में बदलाव संभव है क्योंकि रेस्क्यू ऑपरेशन अभी भी जारी है।

### पर्यटन विभाग के अधिकारी बोले- 20 साल पुराना है क्रूज

पर्यटन विभाग के अधिकारी योगेंद्र रिछारिया ने बताया कि बरगी डैम में एक क्रूज संचालित किया जा रहा है। इसका निर्माण 2006 में किया गया था। इसकी क्षमता 60 यात्रियों की है। वहीं दूसरा क्रूज खराब है।

### खमरिया के एक परिवार के 15 लोग थे सवार

आयुध निमार्णी खमरिया के ए3 सेक्शन में कार्यरत कर्मचारी कामराज आर्य परिवार के 15 लोगों के साथ घूमने गए थे। कामराज के माता-पिता भी साथ में थे, लेकिन वह डैम के किनारे बैठे हुए थे। कामराज के साथ उनकी पत्नी, भाभी और बच्चे क्रूज में घूमने गए हुए थे। कामराज मूलतः कर्नाटक के रहने वाले हैं। कामराज के एक बेटे को बचा लिया गया है। वहीं कामराज, उनकी पत्नी और बेटा अब भी लापता है।

### ट्रेन में अहमदाबाद जा रहे बच्चों की तस्करी का शक

# उज्जैन-नागदा में रेस्क्यू कर 26 नाबालिग छुड़ाए, रात 3 बजे तक चला सर्च अभियान

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

उज्जैन रेलवे स्टेशन पर गुरुवार रात बच्चों की तस्करी की सूचना पर बड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। अंत्योदय एक्सप्रेस ट्रेन को उज्जैन और फिर नागदा स्टेशन पर रोककर पुलिस, बाल कल्याण समिति और अन्य विभागों की टीम ने 26 नाबालिग बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला।

जानकारी के मुताबिक, बाल कल्याण समिति को सूचना मिली थी कि करीब 100 बच्चों को मजदूरी के लिए मुजफ्फरनगर से अहमदाबाद ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही उज्जैन में चार थानों का बल, आरपीएफ, जीआरपी, श्रम विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग की टीम को अलर्ट किया गया। गुरुवार रात करीब 11 बजे जैसे ही अंत्योदय एक्सप्रेस उज्जैन स्टेशन पहुंची, टीम ने ट्रेन में सर्चिंग शुरू की। करीब आधे घंटे तक 50 से अधिक बच्चों और उनके साथ मौजूद लोगों से पूछताछ की गई, जिसमें शुरुआती तौर पर 4 बच्चों को रेस्क्यू किया गया। इसी दौरान ट्रेन आगे बढ़ गई।



रेस्क्यू ऑपरेशन का नेतृत्व कर रहीं सीएसपी दीपिका शिंदे ने तत्काल नागदा स्टेशन को सूचना देकर ट्रेन रुकवाई। वहां एक घंटे तक चली सर्चिंग के बाद 22 और नाबालिग बच्चों को ट्रेन से उतारा गया। इस तरह कुल 26 बच्चों को रेस्क्यू किया गया।

नागदा से उतारे गए सभी बच्चे नाबालिग बताए जा रहे हैं, जिनमें से दो की उम्र 14 साल से भी कम है। सभी बच्चों को फिलहाल उज्जैन जीआरपी को सौंप दिया गया है। परिजनों से संपर्क कर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। वहीं बच्चों को फिलहाल सीडब्ल्यूसी उज्जैन में रखा जाएगा।

# कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में 993 रुपये की बढ़ोतरी

**ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली**

सरकारी तेल कंपनी आईओसी ने इस कदम को तेल विपणन कंपनियों द्वारा वैश्विक रुझानों के साथ तालमेल बिठाने, घरेलू उपभोक्ताओं की रक्षा करने और आर्थिक स्थिरता बनाए रखने के लिए एक संतुलित दृष्टिकोण का प्रतिबिंब बताया है।

कमर्शियल सिलिंडर की कीमतों में एक मई यानी आज से बड़ा इजाफा हुआ है। न्यूज एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि आज से 19 किलो के कमर्शियल सिलिंडर की कीमत में 993 रुपये की बढ़ोतरी हो गई है। दिल्ली में आज से 19 किलो के सिलिंडर की कीमत 3071.50 रुपये होगी। घरेलू सिलिंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, आम जनता को प्रभावित करने वाले प्रमुख ईंधनों की दरों में कोई संशोधन नहीं किया गया है। एटीएफ की



कीमतों में हर महीने की पहली तारीख को इनपुट लागत के आधार पर संशोधन किया जाता है। हालांकि, घरेलू एयरलाइनों के लिए दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है, वहीं अंतरराष्ट्रीय वाहकों के लिए कीमतों में वृद्धि हुई है।

**पेट्रोल-डीजल के दामों में बदलाव नहीं-** आईओसी ने बताया कि पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतें उन उपभोक्ताओं के लिए अपरिवर्तित रहीं, जो कुल खपत का लगभग 90 प्रतिशत हिस्सा हैं। इसी तरह, लगभग 33 करोड़ उपभोक्ताओं के लिए घरेलू एलपीजी (14.2-किलोग्राम सिलिंडर) की कीमतों में भी कोई बदलाव नहीं किया गया है।

### गोरखपुर में सुबह से हो रही बारिश, 62 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट

# यूपी में 36 घंटे में 17 मौतें, सबसे गर्म बांदा का पारा 11 डिग्री गिरा

**ब्रह्मास्त्र ›› लखनऊ**

यूपी में पिछले तीन दिनों से मौसम बिगड़ा हुआ है। शुक्रवार सुबह से गोरखपुर-देवरिया में बारिश हो रही है। प्रदेश के ज्यादातर शहरों में बादल छाए हुए हैं। तेज हवाएं चल रही हैं। गुरुवार देर रात लखनऊ, सीतापुर, फरुखाबाद, पीलीभीत और गोंडा में आंधी के साथ तेज बारिश हुई।

मौसम विभाग ने आज बारिश का अलर्ट जारी नहीं किया है। हालांकि, 62



जिलों में आंधी और बिजली गिरने की संभावना जताई है। मौसम विभाग का यह अलर्ट सुबह 8 बजे से रात 12 बजे तक का है। आंधी-बारिश से पिछले 36 घंटों में 17 लोगों की मौत हो चुकी है। औसतन 2.6 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है। इससे लोगों को हीटवेव से राहत मिली है। प्रदेश के औसत तापमान में 10-12 डिग्री तक गिरावट आई है। दो दिन पहले 47.6 डिग्री के साथ दुनिया का सबसे गर्म शहर रहा बांदा का तापमान 36.4 डिग्री पर पहुंच गया है। पिछले 24 घंटे की बात करें तो गाजियाबाद, नोएडा, ललितपुर, आगरा और मथुरा में जमकर ओले गिरे। 25 से ज्यादा जिलों में बारिश हुई। गुरुवार को जालौन प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा। यहां का अधिकतम तापमान 43.6 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

### बारिश से फसलों को नुकसान, योगी बोले- अफसर फील्ड में उतरें

लगातार हो रही बारिश से फसलों को नुकसान पहुंचा है। खासतौर पर सब्जियों की फसल प्रभावित हुई हैं। खीरा-ककड़ी, खरबूज और तरबूज को सबसे ज्यादा नुकसान होने की आशंका है। किसानों का कहना है कि बारिश के कारण सब्जियों की फसलें सड़ सकती हैं, जिससे उन्हें भारी नुकसान होगा।

## खबर एक नजर...

### वार्ड 40 में सीमेंट-कांक्रीट रोड का भूमिपूजन

**उज्जैन।** नगर निगम के वार्ड 40 में करीब 13 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सीमेंट कांक्रीट (सीसी) सड़क का भूमिपूजन गुरुवार को निगम अध्यक्ष कलावती यादव ने किया। कार्यक्रम में महामंत्री आनंद सिंह खींची, मंडल अध्यक्ष हरीश सोलंकी और क्षेत्रीय पार्षद जानी बाई सतीश राठौर मौजूद रहीं। निगम अध्यक्ष यादव ने कहा कि वार्ड 40 के पूरे क्षेत्र को द्वारका बस्ती के रूप में विकसित करने की योजना है। इसके लिए 20 करोड़ रुपए से अधिक के प्रस्ताव तैयार किए गए हैं। इनमें सड़क, नाली, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल और सीवरेज सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं के विकास कार्य शामिल हैं। नगर निगम के अनुसार वार्ड 40 के पंवासा में तलाई की पाल क्षेत्र की विभिन्न गलियों में निगम अध्यक्ष मद से सीसी सड़क बनाई जाएगी। इससे पक्की सड़क की सुविधा मिलेगी और जलभराव की समस्या कम होने की उम्मीद है।

### रेस्टोरेंट में कर्मचारी की करंट लगने से मौत

**उज्जैन।** माधव क्लब रोड स्थित समतारा रेस्टोरेंट में काम करने वाले कर्मचारी गोपाल पिता रामजी मीणा की देररात रेस्टोरेंट में करंट से मौत हो गई। रात को सूचना पर नीलगंगा पुलिस घटनास्थल पर जांच को पहुंची। युवक के परिजन भी सूचना पर उज्जैन पहुंच गए। पुलिस ने गुरुवार को पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजन को सौंपा। पुलिस ने बताया कि युवक उदयपुर राजस्थान का रहने वाला था और यहां रेस्टोरेंट में नौकरी करता था। जांच की जा रही है।

### चलती ट्रेन में महिला का पर्स छीनकर भागा बदमाश

**उज्जैन।** कानपुर उत्तरप्रदेश निवासी रवि पिता दीपक गुप्ता पत्नी के साथ ट्रेन में सवार होकर उज्जैन दर्शन को आ रहे थे। इस दौरान बीना के समीप चलती ट्रेन में एक बदमाश पत्नी का पर्स छीनकर भाग गया। पर्स में मोबाइल, पांच हजार रुपए नकदी व अन्य सामान रखा था। ट्रेन के उज्जैन पहुंचने पर दंपती ने जीआरपी थाने में घटना की जानकारी दी व रिपोर्ट दर्ज कराई।

### दिल्ली के गृहमंत्री और गोवा के कैबिनेट मंत्री महाकाल पहुंचे



**उज्जैन।** श्री महाकालेश्वर मंदिर में गुरुवार सुबह दो अलग-अलग राज्यों के मंत्री दर्शन के लिए पहुंचे। गोवा सरकार के कैबिनेट मंत्री सुभाष उत्तम फल देसाई भस्म आरती में और दद्योदक आरती में शामिल होने के लिए दिल्ली सरकार के गृहमंत्री आशीष सूद महाकाल मंदिर पहुंचे। गोवा सरकार के कैबिनेट मंत्री सुभाष उत्तम फल देसाई सुबह चार बजे मंदिर पहुंचे। उन्होंने नंदी हॉल से भगवान महाकाल की भस्म आरती देखी और चांदी द्वार से भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। सुबह 7:30 बजे होने वाली दद्योदक आरती में दिल्ली सरकार के गृह मंत्री आशीष सूद पहुंचे और नंदी हाल से दर्शन कर भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया। आरती के बाद श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा सुभाष उत्तम फल देसाई और गृह मंत्री आशीष सूद का स्वागत किया गया। गोवा के मंत्री सुभाष उत्तम फल देसाई ने कहा कि बहुत दिन से सोच रहा था दर्शन करने का। आज दर्शन बहुत अच्छे से हुए हैं। अपने जीवन काल में सभी की एक बार दर्शन के लिए आना चाहिए। सुभाष उत्तम ने मंदिर की व्यवस्थाओं की तारीफ करते हुए कहा कि मंदिर समिति यहां पर भक्तों को दर्शन आसानी से करवा रही है।

### राजीव नगर (चिमनगंज क्षेत्र) में फोटोग्राफर ने महिला को कैमरे के सामने से हटने को कहा, झड़प

# शादी के दौरान विवाद, कुर्सियां-बर्तन चले







ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन के राजीव नगर (चिमनगंज क्षेत्र) में एक शादी समारोह हिंसक झड़प में बदल गया। मामूली विवाद ने बड़ा रूप ले लिया। यह घटना 27 अप्रैल की है। एक वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान, फोटोग्राफर ने कैमरे के सामने आ रही एक महिला को हटने के लिए कहा। इस बात पर महिला नाराज हो गई और दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते यह बहस दोनों पक्षों के बीच बड़े झगड़े में बदल गई।

#### रात 1 बजे बढ़ा विवाद

रात करीब एक बजे विवाद इतना बढ़ गया कि मेहमानों ने एक-दूसरे पर कुर्सियां, बर्तन, पानी के कैन और अन्य सामान फेंकना शुरू कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जिसे जो वस्तु हाथ लगी, उसी से हमला किया गया। इस अचानक हुए बवाल से गली-मोहल्ले के लोग भी घबरा गए।

घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें कुछ लोग आपस में मारपीट करते और कुछ बीच-बचाव करते दिख रहे हैं। यह झगड़ा रिसेप्शन स्थल के सामने रसोई क्षेत्र तक भी फैल गया।

पुलिस ने बताया कि इस मामले में अभी तक कोई आधिकारिक शिकायत दर्ज नहीं की गई है। शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# दुर्लभ संयोग के कारण 59 दिनों का होगा ज्येष्ठ महीना

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

वर्ष 2026 का ज्येष्ठ महीना (2 मई - 29 जून) अधिक मास (मलमास) के दुर्लभ संयोग के कारण 59 दिनों का होगा, जो सामान्य से लगभग दोगुना है। 19 साल बाद बन रहे इस विशेष योग में 4 की बजाय 8 बड़े मंगल (बुढ़वा मंगल) पड़ेंगे, जिससे हनुमान जी की उपासना का यह सबसे लंबा और उत्तम समय माना जा रहा है।

ज्येष्ठ मास में 8 बड़े मंगल का यह दुर्लभ संयोग लगभग 19 साल बाद बन रहा है। इससे पहले ऐसा विशेष योग वर्ष 2007 में देखने को मिला था। धार्मिक मान्यता है कि इस अवधि में बजरंगबली अपने वृद्ध स्वरूप में भक्तों के दुख-दर्द हरते हैं और उनकी मनोकामनाओं को पूर्ण करने का आशीर्वाद देते हैं। जो श्रद्धालु इस पावन समय में हनुमान जी की विधिवत पूजा, सेवा और भक्ति करते हैं, उन्हें विशेष कृपा प्राप्त होती है। आमतौर पर ज्येष्ठ महीने में 4 या 5 मंगलवार होते हैं, लेकिन इस बार अधिक मास यानी पुरुषोत्तम माह के चलते बुढ़वा मंगल की अवधि बढ़ गई है। जब भी ज्येष्ठ के महीने में अधिक माह का संयोग बनता है, तो मंगलवारों की संख्या बढ़ जाती है। इससे पहले ऐसा अद्भुत संयोग 19 साल पहले देखा गया था। इस महासंयोग में हनुमान जी की पूजा करने से भक्तों को आठ गुना फल प्राप्त होगा और कुंडली के ग्रह दोषों से भी मुक्ति मिलेगी। ज्योतिषाचार्य एवं टैरो कार्ड रीडर नीतिका शर्मा ने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, त्रेता युग में ज्येष्ठ मास के मंगलवार के दिन ही प्रभु श्रीराम और बजरंगबली का पहली बार मिलन हुआ था। इसी पावन संयोग के कारण इस माह के हर मंगलवार का महत्व और भी बढ़ जाता है। मान्यता है कि बुढ़वा मंगल के दिन भगवान राम और हनुमान जी की उपासना करने से भक्तों को दोनों का विशेष आशीर्वाद प्राप्त होता है और जीवन की हर मनोकामना पूर्ण होती है। इस दिन की गई पूजा का फल कई गुना अधिक मिलता है।



# हर्राजखेड़ी में 37 में 18 छात्र फेल, अलीपुर में 33 में 6 पास

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन




सरकारी स्कूलों में पढ़ाई का स्तर दो उदाहरणों से साफ हो जाता है। हर्राजखेड़ी हाई स्कूल में 2023 में प्राचार्य ने पद पर ज्वाइन किया। कुछ घंटे बाद ही वह डीईओ कार्यालय लौट आए।

स्कूल का रिजल्ट भी कमजोर रहा। कक्षा 9वीं में 37 बच्चों में से 18 फेल हो गए। आष्टा के अलीपुर हाई स्कूल में स्टाफ पूरा है। फिर भी कक्षा 10वीं में 33 में से सिर्फ 6 विद्यार्थी पास हो सके। जिले में ऐसे कई उदाहरण हैं। इससे स्कूल व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।वहीं जिला मुख्यालय की बात करें तो डीईओ ऑफिस में करीब 4 शिक्षक अटैच हैं। वह यहीं पर काम रहे हैं। दूसरी ओर डीपीसी कार्यालय में 3 शिक्षक अटैच हैं। यह शिक्षक स्कूलों में नहीं जाते हैं। सालों से इन कार्यालयों में काम कर रहे हैं।

**शासकीय हाई स्कूल हर्राजखेड़ी:** स्कूल प्रभारी के भरोसे आष्टा विकासखंड के शासकीय हाई स्कूल हर्राजखेड़ी में संजय सिंह जादौन ने 9 दिसंबर 2023 को प्राचार्य के पद पर ज्वाइन किया था। लेकिन उन्हें वापस सीहोर में डीईओ कार्यालय रिलीव कर दिया गया। तब से स्कूल प्रभारी शिक्षक के भरोसे चल रहा है। अभिभावकों का आरोप है कि पढ़ाई औपचारिकता बनकर रह गई है। इस वर्ष 9वीं में 37 बच्चों में से18 छात्र ही पास हो सके हैं। प्रभारी शिक्षक सुबाक सिंह परमार ने बताया कि मुझे जबरन चार्ज दिया गया है जबकि मुझसे सीनियर लोग भी हैं। उन लोगों ने चार्ज लेने से साफ मना कर दिया था। दूसरी ओर प्राचार्य संजय सिंह जादौन 9 दिसंबर 2023 से प्रतिनियुक्ति पर सीहोर में एपीसी का काम देख रहे हैं।

# चिंतामण ब्रिज से शिप्रा नदी में कूदकर जान देने वाले युवक की हुई पहचान

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

चिंतामण मार्ग स्थित शिप्रा नदी में बुधवार शाम एक युवक ने पुल से कूदकर जान दे दी। देर शाम शिप्रा तैराक दल और होमगार्ड जवानों ने शव को बाहर निकाला, लेकिन उस समय उसकी पहचान नहीं हो सकी थी। करीब 24 घंटे बाद युवक की पहचान अंकित पिता विनोद पाटीदार, निवासी ग्राम सुवासा के रूप में हुई।

जंतर मंतर के पास कार से उतरा, बहन से कहा–दोस्त से मिलने जा रहा हूं जानकारी के अनुसार अंकित अपनी बड़ी बहन ज्योति और बुआ के साथ उज्जैन आया था। शाम को जंतर मंतर के पास वह यह कहकर कार से उतर गया कि उसका दोस्त आने वाला है और दोनों साथ में कॉलेज जाएंगे। इसके बाद वह सीधे निमार्णाधीन चिंतामण ब्रिज पहुंचा और वहां से नदी में छलांग लगा दी।



**बहन के साथ उज्जैन आया था छात्र, पुल से लगाई थी छलांग**

#### प्रत्यक्षदर्शियों ने दी पुलिस को सूचना

कुछ लोगों ने युवक को नदी में कूदते देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची टीम ने शिप्रा तैराक दल और होमगार्ड की मदद से युवक को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

#### मोबाइल बंद मिलने पर परिजनों ने दर्ज कराई गुमशुदगी

उधर, देर शाम तक अंकित का मोबाइल बंद आने पर परिजन चिंतित हो गए और इंगोरिया थाने में गुमशुदगी दर्ज कराने पहुंचे। इसी दौरान नीलगंगा थाना क्षेत्र में अज्ञात शव मिलने की सूचना मिली, जिसकी रात करीब 11:30 बजे पहचान अंकित पाटीदार के रूप में हुई।

#### पुराने सड़क हादसे के बाद से मानसिक दबाव में था छात्र

परिजनों के अनुसार करीब पांच साल पहले हुए एक सड़क हादसे में अंकित गंभीर रूप से घायल हो गया था। इसके बाद से वह मानसिक रूप से परेशान रहने लगा था। आशंका जताई जा रही है कि इसी दबाव के चलते उसने यह कदम उठाया। हालांकि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। अंकित पाटीदार कॉलेज में सेकंड ईयर का छात्र था। गुरुवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया।

उज्जैन
शुक्रवार
01
मई, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र




## खबर एक नजर...

### सड़क पर युवतियों का हंगामा, दोस्तों के साथ मिलकर युवक को पीटा

**इंदौर।** इंदौर के 60 फीट एरोड्रम रोड का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इसमें कुछ युवतियों ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर एक युवक की बुरी तरह से पिटाई कर दी। हालांकि पुलिस अफसरों ने अभी तक इस वीडियो को लेकर कोई पुष्टि नहीं की है। वायरल वीडियो में युवतियां यहां बाइक और एक्टिवा से पहुंची थी। उन्होंने देखते ही देखते एक युवक को पीटना शुरू कर दिया। सड़क पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। लोगों ने उन्हे बचाने का प्रयास किया तो युवतियां उनके साथ हुज्जत करने लगे। घटना के दौरान एक युवक वीडियो बना रहा था, जिस पर युवतियां भड़क गईं। आरोप है कि उन्होंने युवक के साथ बदसलूकी की और उसका मोबाइल छीनने की कोशिश की। वहां चाय की दुकान चलाने वाले संचालक को भी अपशब्द कहे। मामला सामने आने के बाद पुलिस वीडियो के आधार पर जांच में जुट गई है। संबंधित युवतियों की पहचान कर उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की तैयारी की जा रही है।

### व्यापारी की 15 लाख की चांदी बरामद, चांदी का बैग लेकर नौकर हो गया था फरार

**इंदौर।** इंदौर के सराफा क्षेत्र में ज्वेलर्स की दुकान से 6 किलो चांदी लेकर फरार हुए कर्मचारी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने 8 अप्रैल को वारदात को अंजाम दिया था। वह फाइन आर्ट के लिए लाई गई चांदी से भरा बैग उठाकर फरार हो गया था। सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद व्यापारी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। सराफा थाना प्रभारी राजकुमार लिटोरिया ने बताया कि साउथ तुकोगंज निवासी राहुल जैन की सराफा क्षेत्र में सिद्धि विनायक के नाम से विहर्ष ज्वेलर्स की दुकान है। उन्होंने करीब 6 किलो चांदी हुकुमचंद कॉलोनी निवासी पंकज पुत्र प्रहलाद निमावत से मंगवाई थी। 8 अप्रैल को राहुल जैन कुछ देर के लिए दुकान से बाहर गए थे। इसी दौरान पंकज चांदी से भरा बैग लेकर फरार हो गया। जब व्यापारी वापस लौटे तो आरोपी दुकान पर नहीं मिला। सीसीटीवी कैमरों की जांच में वह बैग लेकर जाते हुए दिखाई दिया। इसके बाद राहुल जैन ने सराफा थाने में लिखित शिकायत दी। पुलिस ने 15 अप्रैल को प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। लगातार खोजबीन के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब 6 किलो चांदी बरामद कर ली है। मामले में आगे की जांच की जा रही है।

### नियम तोड़ने वालों पर सख्ती, 64 के लाइसेंस निलंबित

**इंदौर।** ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई जारी है। अलग-अलग जगह और चौराहों पर पुलिस चालान काट रही है। हेलमेट न लगाने वालों सहित रॉन्ग पार्किंग, रॉन्ग साइड गाड़ी चलाना, गलत नंबर प्लेट सहित नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई कर रही है। इसी तरह पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने पर 64 वाहन चालकों के लाइसेंस भी निलंबित कराए है। इंदौर में ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर बनाने के लिए पुलिस की टीमें लगातार शहर के चौराहों, पब्लिक पैलेस, व्यस्ततम मार्केट्स सहित मुख्य सड़कों पर कार्रवाई कर रही है। ट्रैफिक पुलिस लोगों को जागरूक करने के साथ ही ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्ती भी कर रही है। पुलिस ने नियमों का उल्लंघन कर खुद की और दूसरों की जान जोखिम में डालने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। बुधवार को सुबह से रात तक पुलिस ने अलग-अलग जगह कार्रवाई करते हुए चालान बनाए हैं।

### लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गुर्गे हैरी बाक्सर की कार्यप्रणाली को लेकर सनसनीखेज खुलासे

# अपने ही शूटरों पर भरोसा नहीं करता था और उनकी निगरानी के लिए अलग से बदमाश तैनात करता था

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गुर्गे हैरी बाक्सर की कार्यप्रणाली को लेकर सनसनीखेज खुलासे हुए हैं। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि वह अपने ही शूटरों पर भरोसा नहीं करता था और उनकी निगरानी के लिए अलग से बदमाश तैनात करता था।

क्राइम ब्रांच की गिरफ्त में आए राजपाल चंद्रावत ने पूछताछ में बताया कि गैंग की कार्यप्रणाली बेहद संगठित और खौफनाक थी। किसी भी वारदात से पहले रेकी के लिए भेजे गए बदमाशों के पीछे भी अलग से शूटर लगाए जाते थे, ताकि कोई गलती या धोखा न हो।



इसी डर के कारण कई बदमाशों ने पुलिस के सामने सरेंडर तक कर दिया।

जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि गैंग ने शहर के एक बड़े बिल्डर से करीब 5 करोड़ रुपये की रंगदारी वसूली। यह रकम सीधे न लेकर क्रिप्टोकरेंसी के जरिए दुबई भेजी गई और वहां से हैरी बाक्सर तक पहुंचाई गई। खौफ के चलते बिल्डर ने अब तक पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराई है।

राजपाल ने बताया कि जेल में रहते हुए उसने देवास के बदमाशों से बिल्डर की रेकी करवाई थी। गैंग का अगला निशाना रेसकोर्स रोड निवासी बिल्डर विवेक दम्मानी था। उसके लिए जीतनगर के सोनू उर्फ रितेश को रेकी का जिम्मा सौंपा गया था और इशारा मिलते ही फायरिंग की पूरी तैयारी थी।

#### फायरिंग केस में भी कबूलनामा

गैंग के सदस्य आपसी संपर्क के लिए फेसटाइम और सिग्नल जैसे एन्क्रिप्टेड ऐप्स का इस्तेमाल करते थे, जिससे वे पुलिस की पकड़ से दूर रह सकें। राजपाल चंद्रावत ने बायो-कॉटन कारोबारी दिलीप सिंह राठौर के घर हुई फायरिंग में भी अपनी भूमिका स्वीकार की है। उसने बताया कि 50 लाख के लेनदेन विवाद की जानकारी उसने गैंग को दी थी, जिसके बाद राठौर को 10 करोड़ की फिरौती कॉल आई। इस मामले में पुलिस ने देवास से राजपाल के करीबी सुमेर सिंह सोलंकी को भी हिरासत में लिया है।

#### एनआईए तक पहुंचा मामला

राजपाल और योगेश भाटी का नाम पहले भी कई बड़े मामलों में सामने आ चुका है, जिनमें पंजाब पुलिस इंटेलिजेंस मुख्यालय पर रॉकेट लॉन्चर अटैक भी शामिल है। इस मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने दोनों से पूछताछ की थी। राजपाल रतलाम जिले के हथनारा गांव का रहने वाला है। वह पहले एक स्थानीय नेता के यहां ड्राइवर था और बाद में स्कूल भी संचालित करता था। आर्थिक तंगी के चलते 2021 में स्कूल बंद करने के बाद वह अपराध की दुनिया में उतर गया और लॉरेंस गैंग से जुड़ गया।

# ढाई लाख की रिश्वत में पीडब्ल्यूडी के तीन अधिकारी सस्पेंड

### बिल पास कराने के लिए मांगे थे 3.50 लाख रुपए, लोकायुक्त पुलिस ने किया था ट्रेप

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

इंदौर में रिश्वत लेते रंगेहाथ पकड़े गए लोक निर्माण विभाग के तीन अधिकारियों को राज्य शासन ने निलंबित कर दिया है। इस संबंध में मुख्यालय से आदेश जारी कर दिए गए हैं। निलंबित अधिकारियों में एक्जीक्यूटिव इंजीनियर जयदेव गौतम, एसडीओ टीके जैन और सब इंजीनियर अंशु दुबे शामिल हैं। तीनों के खिलाफ यह कार्रवाई लोकायुक्त पुलिस इंदौर की ट्रैप कार्रवाई के बाद की गई है। लोकायुक्त टीम ने 21 अप्रैल को कार्रवाई करते हुए जयदेव गौतम को पलासिया स्थित शासकीय आवास पर 1.5 लाख रुपए रिश्वत लेते पकड़ा था। वहीं एसडीओ टीके जैन को विभागीय



कार्यालय परिसर में 1 लाख रुपए लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया। सब इंजीनियर अंशु दुबे ने भी 1 लाख रुपए की मांग की थी, लेकिन तय रकम से कम मिलने पर उसने रिश्वत नहीं ली।

**बिल पास करने के बदले मांगी गई थी रिश्वत-** यह मामला धार के ठेकेदार राजपाल सिंह पवार (संचालक, पटेल श्री इंटरप्राइजेस) की शिकायत पर सामने आया। पवार की फर्म ने वर्ष 2023 में करीब 4.73 करोड़ रुपए का सड़क निर्माण कार्य किया था। कार्य पूर्ण होने के बाद अंतिम बिल भुगतान के एवज में अधिकारियों ने 3.5 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी।

शिकायत के बाद लोकायुक्त पुलिस ने योजना बनाकर ट्रैप किया और दो अधिकारियों को रिश्वत लेते पकड़ लिया। लोकायुक्त एसपी डॉ. राजेश सहाय द्वारा विभाग को भेजे गए प्रतिवेदन के आधार पर राज्य शासन ने तीनों अधिकारियों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की है।

# इंदौर में आज से हाउस लिस्टिंग ब्लॉक सर्वे

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

इंदौर शहर में जनगणना के तहत हॉउस लिस्टिंग ब्लॉक सर्वे का शुभारंभ 1 मई से किया जाएगा। सेल्फ इन्युमरेशन की अवधि समाप्त होने के बाद अब प्रगणक और सुपरवाइजर घर-घर जाकर जानकारी एकत्रित करेंगे। यह सर्वे आगामी एक माह तक चलेगा।

कलेक्टर शिवम वर्मा ने बताया कि सर्वे के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। चार्ज ऑफिसर्स की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विस्तृत ब्रीफिंग की गई है और प्रगणकों व सुपरवाइजर्स का प्रशिक्षण भी पूर्ण हो चुका है। इंदौर में 41 अधिकारियों के साथ एक टीम का गठन किया गया है। सभी सदस्यों को अपने-अपने काम की जानकारी और पर्याप्त प्रशिक्षण दिया जा चुका है। आज से सभी टीम के सदस्य घर-घर पहुंचकर सर्वे का काम करेंगे। यह सर्वे जनगणना निदेशालय के निदेर्शानुसार संचालित किया जा रहा है। इसमें जुटाए गए आंकड़े देश की विभिन्न नीतियों और योजनाओं के निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अब सर्वे टीम शहर के हर क्षेत्र में घर-घर जाकर जानकारी एकत्र करेगी, जिससे सटीक और व्यापक डेटा तैयार किया जा सके। कलेक्टर ने नागरिकों से अपील की है कि सर्वे टीम के पहुंचने पर सही और पूर्ण जानकारी दें और सहयोग करें। साथ ही किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न देने की भी सलाह दी गई है।

# इंदौर में युवती से दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग का आरोप

### नौकरी दिलाने के बहाने फंसाया, वीडियो बनाकर लंबे समय तक दबाव बनाया

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

इंदौर में एक युवती ने गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने नौकरी दिलाने का झांसा देकर उससे दोस्ती की, फिर नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म किया और वीडियो बनाकर लंबे समय तक ब्लैकमेल करता रहा। युवती ने जबरन धर्म परिवर्तन के लिए दबाव और मारपीट के भी आरोप लगाए हैं। हालांकि पुलिस ने फिलहाल दुष्कर्म के मामले में ही कार्रवाई की है।

पलासिया थाना पुलिस के मुताबिक, पीड़िता ने बताया कि उसकी पहचान साल 2022 में सोशल मीडिया के जरिए



आरोपी लकी उर्फ सोहेल पुत्र रईस खान, निवासी ग्रीन पार्क कॉलोनी से हुई थी। पहली मुलाकात शहर के 56 दुकान क्षेत्र में हुई, जहां आरोपी ने उसे नौकरी दिलाने का भरोसा दिया और उससे दोस्ती कर ली। युवती की शिकायत के बाद पुलिस ने बुधवार देर रात केस दर्ज किया है।

युवती ने बताया कि 20 दिसंबर 2023 को आरोपी उसके तिलक नगर स्थित घर पहुंचा। उस समय घर में कोई नहीं था। आरोप है कि उसने खाने में नशीला पदार्थ मिलाकर दिया, जिससे वह अचेत हो गई। इसी दौरान आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया और वीडियो बना लिया। होश में आने पर आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे अपने साथ रहने के लिए मजबूर किया। पीड़िता का कहना है कि आरोपी उसे डराकर अपने साथ किराए के कमरे में रखता रहा। मार्च 2024 में उसे अजमेर ले जाया गया, जहां उसके साथ जबरन धार्मिक क्रियाएं करवाई गईं और शारीरिक संबंध बनाए गए।

युवती के अनुसार अक्टूबर 2024 में वह गर्भवती हो गई। उसने आरोपी से शादी की बात कही, लेकिन आरोपी ने इनकार कर दिया और दबाव बनाकर गर्भपात करा दिया, जिससे उसकी तबीयत भी खराब हो गई। पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि उसे चंदन नगर क्षेत्र में एक व्यक्ति के पास ले जाया गया, जहां अंधविश्वास से जुड़ी गतिविधियां करवाई गईं। इसके साथ ही उस पर धर्म परिवर्तन कर धार्मिक रीति-रिवाज अपनाने का दबाव बनाया गया। मना करने पर उसके साथ मारपीट की गई और धमकाया गया। पीड़िता ने करणी सेना के पदाधिकारी मानसिंह राजावत, लक्की बाहुबली और रक्षा शुक्ला से संपर्क किया। इसके बाद सभी उसे लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के पास पहुंचे, जिसके बाद देर रात पलासिया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की।

## खबर एक नजर...

### राज्य स्तरीय पंजा कुश्ती चैंपियनशिप में उज्जैन का 40 सदस्यीय दल दिखाएगा दम

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश पंजा कुश्ती संघ के तत्वावधान में भोपाल पंजा कुश्ती एसोसिएशन द्वारा 2 और 3 मई 2026 को भोपाल में राज्य स्तरीय पंजा कुश्ती चैंपियनशिप का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस राज्य स्तरीय स्पर्धा में उज्जैन जिले का 40 सदस्यीय दल भी अपनी चुनौती पेश करेगा। उज्जैन जिला पंजा कुश्ती संघ के अध्यक्ष गोपाल यादव और सचिव प्रतीक सिंह तोमर ने बताया कि यह प्रतियोगिता महिला और पुरुष दोनों वर्गों के लिए आयोजित की जा रही है। इसमें सब जूनियर, जूनियर, यूथ, सीनियर, दिव्यांग और मास्टर्स श्रेणियों के मुकाबले होंगे। चैंपियनशिप में भाग लेने जा रहे उज्जैन जिले के 40 सदस्यीय दल के लिए कोच की जिम्मेदारी रवि मालवीय को सौंपी गई है। वहीं, संघ के सह-सचिव जितेन्द्र सिंह कुशवाह को टीम मैनेजर का दायित्व दिया गया है।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उज्जैन के खिलाड़ियों को संस्था के पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दी हैं। खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य की कामना करने वालों में संघ के उपाध्यक्ष संदीप सिंह कुशवाह, कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता, देवेन्द्र सिंह कुशवाह, संतोष विश्वकर्मा और आकाश यादव सहित अन्य सदस्य शामिल हैं।

### राष्ट्रीय नृत्योत्सव में वैदेही पंड्या शास्त्रीय नृत्य श्रेणी में बनीं विजेता

**उज्जैन।** दिल्ली के ओपी जिंदल ऑडिटोरियम में एमउएम फाउंडेशन द्वारा आयोजित 'डांस फॉर डिग्निटी' राष्ट्रीय नृत्य प्रतियोगिता में होनहार नृत्यांगना वैदेही पंड्या ने शास्त्रीय नृत्य श्रेणी में विजेता का खिताब अपने नाम किया है। इस भव्य राष्ट्रीय आयोजन के लिए वैदेही का चयन ऑनलाइन पूर्व चयन प्रक्रिया के माध्यम से हुआ था।

सुविख्यात नृत्यांगना इंजीनियर प्रतिभा रघुवंशी से गुरु-शिष्य परंपरा के अंतर्गत कथक का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही वैदेही ने बाल्यकाल से ही देश के अनेक प्रतिष्ठित मंचों पर एकल प्रस्तुतियां दी हैं। छोटी सी उम्र में ही नृत्य के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और लगन के चलते भारत सरकार द्वारा उन्हें कथक नृत्य में सीसीआरटी छात्रवृत्ति भी प्रदान की गई है।

### 266 बच्चों ने लिया पंजीयन, अष्ट पाहुड और समयसार ग्रंथ पर गूंज रहे विद्वानों के मंगल प्रवचन

# वीतराग विज्ञान पाठशाला का 31वां बाल युवा संस्कार शिविर कोमल मन पर रोपित संस्कार ही बनते हैं भविष्य का वटवृक्ष





ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

वीतराग विज्ञान पाठशाला द्वारा आयोजित 31वें बाल युवा संस्कार शिविर का भव्य आयोजन उज्जैन में किया जा रहा है। इस अवसर पर हैदराबाद से पधारे डॉक्टर पुनीत जैन ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बचपन में दिए गए संस्कार जीवन निर्माण में अत्यंत सहयोगी होते हैं। जिस प्रकार कोमल भूमि पर रोपित बीज ही आगे जाकर विशाल वृक्ष का रूप लेते हैं, उसी प्रकार पाठशाला के ये संस्कार बच्चों को स्वाध्याय की प्रेरणा देते हैं, जो एक भक्त को भगवान बनने की राह दिखाते हैं।

शिविर के दौरान प्रतिदिन डॉक्टर पुनीत जैन आचार्य कुंदकुंद स्वामी के सुप्रसिद्ध ग्रंथ 'अष्ट पाहुड' पर सारगर्भित प्रवचन दे रहे हैं। इस शिविर में 4 वर्ष से लेकर 20 वर्ष तक की आयु के 266 बच्चों ने उत्साहपूर्वक पंजीयन कराया है। सीमंधर मंदिर पर प्रातः 7 बजे से बच्चों को भगवान के प्रक्षालन एवं अष्ट द्रव्य से पूजन करने का विधि विधान से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिक्षण कार्य हेतु राघोगढ़ से पंडित अशोक मांगुलकर, इंदौर से श्री अनमोल जैन और श्री पर्व शास्त्री विशेष रूप से सेवाएं दे रहे हैं।

शिविर के संचालन हेतु दर्शन, ज्ञान और चारित्र के नाम से तीन अलग-अलग स्तर की कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। इसमें विभिन्न विषयों के साथ-साथ नाटक, नृत्य, भजन और नैतिक आचरण का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वीतराग विज्ञान पाठशाला के संस्थापक और सूरत से पधारे पंडित श्री प्रदीप द्वारा नियमित रूप से 'समयसार जी' ग्रंथ पर व्याख्यान दिए जा रहे हैं, जिसका लाभ बड़ी संख्या में समाजजन ले रहे हैं।

शिविर में प्रतिदिन सायंकाल जिनेंद्र भक्ति के पश्चात बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जा रही हैं। बीते दिन क्रिकेट की तर्ज पर एक अनूठा आयोजन हुआ, जिसमें 108 रनों के लक्ष्य के साथ धार्मिक प्रश्नमंच प्रतियोगिता आयोजित की गई। मनीष जैन एवं चेतन राणा ने बताया कि यह शिविर पिछले 25 वर्षों से सतत आयोजित हो रहा है।

## सेन समाज ने किया यूडीए अध्यक्ष डॉ. सोलंकी का सम्मान



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्यप्रदेश गुजराती सेन समाज कल्याण समिति और युवा संगठन द्वारा उज्जैन विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. रवींद्र रवि सोलंकी का सम्मान किया गया। प्रदेश संरक्षक भरत भाटी के नेतृत्व में समाज के पदाधिकारियों ने डॉ. सोलंकी को पुष्पमाला पहनाकर और साफा बांधकर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कार्यपरिषद सदस्य डॉ. राजेश सिंह कुशवाह का भी शॉल-श्रीफल से स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के दौरान उज्जैन शहर अध्यक्ष संतोष भाटी, वरिष्ठ समाजसेवी शिवकुमार भाटी, प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष गोयल, प्रदेश कोषाध्यक्ष महेंद्र वर्मा, युवा संगठन सचिव जितेंद्र सेन सारोला, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी कुलदीप वर्मा, कोर कमेटी सदस्य सोहन भाटी, युवा संगठन उपाध्यक्ष विष्णु वर्मा और दीपक वर्मा पटेल सहित अनेक समाजजन उपस्थित थे।

## साईं पुरसनाराम के भजनों से गूंजा सत्संग हॉल, साईं के दर से कोई नहीं जाता खाली हाथ

### रात्रि 2 बजे तक चला भजनों का दौर, आज साध मुकेश के आशीर्वाद व पल्लव की रस्म के साथ होगा मेले का समापन



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

साईं पुरसनाराम के भजनों से पूरा सत्संग हॉल गूंज उठा। श्रद्धालुओं की अगाध आस्था है कि जो साईं को पूजते हैं, वे निहाल हो जाते हैं और उनके दर पर खाली झोली लेकर आने वाला भक्त हमेशा झोली भरकर ही जाता है। इसी श्रद्धा भाव के साथ शहर के अब्दालपुरा स्थित ब्राह्मण गली में योगीराज 1008 स्वामी पुरसनाराम साहिब साध हथूंगे वालों के वार्षिक मेले के अंतर्गत गुरुवार 30 अप्रैल को विभिन्न धार्मिक आयोजन संपन्न हुए।

सेवक दीपक राजवानी ने बताया कि आयोजन में विशेष तौर पर सांभर से साध भगवान दास सपरिवार, सांभर से ही साध प्रदीप, जयपुर से साध राजू और कोटा से पुष्पा नारायण दास विशेष रूप से पधारे। साध मुकेश के अनुसार गुरुवार को दिनभर धार्मिक कार्यक्रमों का सिलसिला जारी रहा। दोपहर 1 से 3 बजे तक गीता कॉलोनी चोपड़ा स्थित स्वामी लीलाशाह धर्मशाला में विशाल भंडारा आयोजित किया गया। इसके बाद शाम 7 से 9 बजे तक स्वामी पुरसनाराम धाम दरबार के सामने सांझा शेवा संपन्न हुई, जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने भजनों का आनंद लिया। रात 9 से 11 बजे तक पुनः भंडारे का आयोजन हुआ और रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक भोर का भजन सत्संग चलेगा, जिसमें मधुर भजनों से भक्त भावविभोर होंगे। इस धार्मिक आयोजन में कटनी की बालक मंडली से गोरधन एवं दिलीप उदासी और इंदौर से साध गुरुमुखदास सहित अन्य गुणी व ज्ञानीजन शामिल होकर मेले की शोभा बढ़ा रहे हैं। इस वृहद आयोजन की व्यवस्था साध पुरसनाराम साहिब सेवा मंडल उज्जैन द्वारा की जा रही है। व्यवस्थाओं में दरबार साध पुरसनाराम साहिब के नारायणदास, पारूमल पताशे वाले तथा जयपुर के साध मुकेश मुख्य रूप से सेवा कार्यों का निर्वहन कर रहे हैं।

# बहन की रक्षा करना भाई को पड़ा भारी: 4 महीने बाद हिस्ट्रीशीटर के दबाव में क्रॉस केस दर्ज

### तीन तलाक पीड़िता को कोर्ट में धमका रहा था कुख्यात बदमाश उमर खान, भाई ने किया था बीच-बचाव

### माधव नगर पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल, एसपी से रासुका लगाने की मांग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर में पुलिस की कार्यप्रणाली पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। तीन तलाक की शिकार एक महिला को जब कोर्ट परिसर में हिस्ट्रीशीटर बदमाश द्वारा जान से मारने की धमकियां दी जा रही थीं, तब बहन की रक्षा के लिए भाई बीच-बचाव करने पहुंचा। घटना के चार महीने तक पुलिस ने दोनों पक्षों के आवेदन दबाए रखे, लेकिन जैसे ही बदमाश की जिलाबदर अवधि समाप्त हुई, पुलिस ने राजनीतिक दबाव में आकर महिला, उसके भाई और पिता सहित अन्य पर ही झूठा प्रकरण दर्ज कर लिया। अब पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक और मुख्यमंत्री को शिकायत भेजकर न्याय की गुहार लगाई है।

बेगम बाग कॉलोनी निवासी रुकसाना बी पुत्री उस्मान गनी ने पुलिस अधीक्षक को की गई शिकायत में बताया है कि उनका निकाह 14 अक्टूबर 2024 को ग्रीनपार्क कॉलोनी इंदौर निवासी इरफान पिता फारूक के साथ हुआ था। आरोप है कि इरफान पहले से ही दो बार शादीशुदा था और उसने यह बात छुपाई थी। नशे का आदी इरफान शादी के बाद से ही रुकसाना के साथ मारपीट करने लगा। महिला थाने में काउंसलिंग के बाद 3 नवंबर 2025 को इरफान ने मायके आकर रुकसाना को तीन तलाक दे दिया। इस मामले में महिला थाना उज्जैन में इरफान के खिलाफ प्रथम सूचना क्रमांक 02/2026 दर्ज की गई थी।

मामले में नया मोड़ तब आया जब 19 जनवरी 2026 को रुकसाना को महिला थाने द्वारा कोर्ट में बुलाया गया। वहां इरफान के साथ उसका चाचा उमर खान भी मौजूद था। उमर खान एक हिस्ट्रीशीटर बदमाश है जिस पर 28 से अधिक आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। आरोप है कि उमर खान ने रुकसाना को धमकी दी कि यदि उसने कोई आपत्ति ली तो वह उसे जान से मरवा देगा।

शिकायत के अनुसार, उमर ने रुकसाना के चाचा शकील खान पर सभी पुराने प्रकरणों में राजीनामा करने का दबाव बनाया। शकील खान बजाज ऑटो क्रेडिट का काम करते हैं। उमर ने धमकी दी कि यह काम अब केवल उसका पुत्र अरीन खान और उसके मित्र महिपाल रावत की कंपनी फ्यूचर हब द्वारा ही किया जाएगा। यदि किसी और ने यह काम किया तो उमर खान और अरशद शाह दोनों मिलकर उसे जान से मार देंगे।

धमकी मिलने पर रुकसाना ने अपने पिता और भाई आरिफ को फोन पर सूचना दी। आरिफ जब कोर्ट पहुंचा तो उमर खान और उसके साथियों ने आरिफ के साथ भी गाली-गलौज करते हुए हाथापाई शुरू कर दी। विवाद इतना बढ़ा कि इरफान, उसके पिता फारूक, माता मुमताज और उमर खान ने मिलकर भाई-बहन पर हमला कर दिया। इसकी शिकायत तत्काल माधव नगर थाने में की गई और मेडिकल भी कराया गया। 20 जनवरी 2026 को जनसुनवाई में अधिकारी दीपिका शिंदे को भी शिकायत की गई, लेकिन माधव नगर थाना पुलिस टालमटोल करती रही।

पीड़ित परिवार का आरोप है कि उमर खान पिछले 2 साल से उन्हें सोशल मीडिया पर गलत पोस्ट डालकर और 18 लाख रुपये की धोखाधड़ी कर-के परेशान कर रहा है, जिसकी शिकायत चंद्रावतीगंज थाने में भी दर्ज है। 23 अप्रैल 2026 को उमर खान की जिलाबदर अवधि समाप्त हुई। इसके ठीक अगले दिन 24 अप्रैल 2026 को माधव नगर पुलिस ने 19 जनवरी की घटना को लेकर रुकसाना, उसके भाई आरिफ, पिता और छोटे भाई के दोस्तों के खिलाफ झूठा प्रकरण दर्ज कर लिया।

पीड़ित परिवार ने मांग की है कि 28 से ज्यादा गंभीर अपराधों वाले और पूर्व में रासुका का सामना कर चुके उमर खान तथा इरफान के खिलाफ निष्पक्ष जांच कर सख्त कार्रवाई की जाए।

# आस्था की आड़ में अतिक्रमण: कंठाल में नाले पर बने मंदिर से रहवासी परेशान, संभागायुक्त से की शिकायत

### घंटियों के शोर से 'वर्क फ्रॉम होम' में बाधा, नशेड़ियों के जमावड़े और सुरक्षा कारणों से बैंक भी छोड़ चुके हैं इलाका

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शहर में स्मार्ट सिटी के तहत विकास कार्य जारी हैं, लेकिन व्यावसायिक क्षेत्रों में मुख्य मार्गों और नालियों पर अतिक्रमण कर बनाए गए छोटे मंदिर अब विकास में बड़ी बाधा बन रहे हैं। कंठाल क्षेत्र में ऐसे ही एक अतिक्रमण को लेकर कंठाल निवासी अरविंद मेदेवाला ने उज्जैन संभाग के संभागायुक्त को एक शिकायत सौंपी है। आवेदन में प्रशासन से कंठाल पर स्थित श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर को लेकर अधिकारियों की योजना के बारे में जानकारी मांगी गई है।

शिकायतकर्ता ने स्पष्ट किया है कि यह मंदिर मात्र 5 बाय 5 फीट का है। इसका निर्माण सन 2000 में ओटले पर अतिक्रमण कर किराने का सामान सुखाने के उद्देश्य से किया गया था।

### सुरक्षा के डर से बैंकों ने बदला था स्थान

अतिक्रमण के कारण क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा हुई हैं। आवेदन के अनुसार इस मंदिर के कारण पहले ही बैंक ऑफ बड़ौदा, सेंट्रल बैंक और पंजाब नेशनल बैंक सुरक्षा के दृष्टिकोण से अपना स्थान परिवर्तित कर चुके हैं। दिनभर असामाजिक तत्वों के जमावड़े के कारण बैंकों को रेकी और ग्राहकों के पैसे छिनने का डर सताता था। रहवासियों के अनुसार अब यह मंदिर शहर के सारे नशेड़ियों का अड्डा बन गया है।

### ध्वनि प्रदूषण और बिना परामर्श के फैसले से नाराजगी

कमर्शियल एरिया में यह अतिक्रमण वाला मंदिर अब स्थानीय रहवासियों के लिए भारी परेशानी का सबब बन गया है। शिकायत में बताया गया है कि घर में बच्चे वर्क फ्रॉम होम कर रहे हैं और मंदिर की घंटी के शोर के कारण उनकी मीटिंग्स में बहुत दिक्कत आ रही है। संपत्ति स्वामियों का आरोप है कि प्रशासन इस मामले में उन बाहरी लोगों से राय ले रहा है जिनका इस जगह से कोई वास्ता नहीं है, जबकि प्रभावित रहवासियों को अपना पक्ष रखने के लिए बुलाया ही नहीं गया। भू-स्वामी ने अधिकारियों से मांग की है कि उन्हें बुलाकर उनका पक्ष रखने का मौका दिया जाए।

### दुकानें निकालने के लिए स्थापित की गई मूर्तियां

रहवासियों का कहना है कि इन निमाणों के पीछे आस्था नहीं बल्कि व्यावसायिक स्वार्थ है। पुरानी फायर ब्रिगेड से खड़े हनुमान की मूर्ति केवल इसलिए यहाँ लाई गई थी ताकि सड़क पर तीन दुकानें निकाली जा सकें। इसी तरह गणेश मूर्ति भी व्यापार और अतिक्रमण के उद्देश्य से सड़क पर स्थापित की गई। नागरिकों ने सवाल उठाया है कि भगवान को नाली के ऊपर बैठाना कैसा सनातन धर्म है। संपत्ति स्वामियों का कहना है कि यदि किसी को इतनी ही आस्था है, तो वे सार्वजनिक सड़क से हटाकर इन मूर्तियों को अपने 100-100 फीट के फ्रंट वाले निजी परिसरों में स्थापित करें।

शिकायतकर्ता ने अधिकारियों से पूछा है कि क्या इस मंदिर को श्री राम मानस मंदिर, क्षीर सागर में स्थानांतरित करने की कोई योजना है या प्रशासन का कोई और प्लान है। नागरिकों ने प्रशासन को कुछ अन्य विकल्प भी सुझाए हैं, जिनमें मूर्तियों को थोड़ा पीछे खिसकाना या खंडेलवाल चाय वाले के सामने 70 फीट की जगह और सेंट्रल बैंक ट्रस्ट की 100 फीट की जगह पर विस्थापित करना शामिल है।

## खबर एक नजर...

### बड़नगर में गूंजे जय नृसिंह के जयकारे, प्रकटोत्सव पर उमड़ा जनसैलाब

**बड़नगर।** नगर के गांधी चौक स्थित नृसिंह मंदिर में गुरुवार को भगवान नृसिंह प्रकटोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ धूमधाम से मनाया गया। महंत जयेश आचार्य ने बताया कि आयोजन दिनभर चला, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

सुबह 8 बजे अभिषेक, 11 बजे हवन अनुष्ठान और दोपहर 12 बजे पूणार्हुति के बाद भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया। शाम को 6 बजे स्तंभ फाड़कर भगवान नृसिंह के प्रकट होने और हिरण्यकश्यप वध की झांकी प्रस्तुत की गई, जिसे देखने बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे मंदिर पहुंचे। झांकी के बाद महाआरती हुई और महाप्रसादी का वितरण किया गया। मंदिर को विशेष श्रृंगार से सजाया गया था, और पूरे दिन जय नृसिंह देव के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

### सेवानिवृत्ती पर सम्मान समारोह आयोजित

बड़नगर। शासकिय चिकित्सालय बडनगर में गुरुवार को दिनेश कुमार डोडिया केशीयर की अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सर्वप्रथम भगनवान धनंवतरी एवं मॉ सरस्वती का पूजन कर कार्यक्रम प्रांरभ किया गया। अतिथीयो का स्वागत संस्था प्रभारी डॉ. सुयश श्रीवास्तव द्वारा किया गया। मुख्य अतिथी डॉ. वनिता खठोड, विशेष अतिथी डॉ. देवेन्द्र स्वामी , डॉ.मोनिका कोठारी , डॉ. मनीष पंथ, डॉ. विजय मालवीय, डॉ. अनग पाल सिंह तोमर , डॉ। वदना डावर, डॉ. जयती भंडारी थे। सभी मचांसीन अतिथीयों द्वारा अपने उदबोधन में दिनेश कुमार डोडिया के 33 वर्षो की शासकिय सेवा की सराहाना की तथा संस्था प्रभारी एंव समस्त स्टाफ द्वारा पुष्प माला प्रतिक चिन्ह साल श्रीफल द्वारा सम्मानीत किया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के देवीदास मुलचंदानी, उदय अग्निहोत्री, प्रेमकुमार खीची, मोहम्मद रफीक मसुंरी, कन्हैया लाल वर्फा द्वारा भी संघ का दुपट्टा प्रतिक चिन्ह एंव, पुष्प गुच्छ भेट कर सम्मान किया गया ।इस अवसर पर नर्सिग आफिसर सुनिता दोनी, सुनिता सनोडिया रामेश्वर राठोड, के साथ समस्त स्टाफ उपस्थित रहा कार्यक्रम का संचालन कन्हैया लाल वर्फा ने किया आभार रविराज यादव ने माना ।

### अधिकारियों-कर्मचारियों के अवकाश पर रहेगा प्रतिबंध

रतलाम। भारत सरकार, गृह मंत्रालय के जनगणना कार्य निदेशालय के आदेश के परिपालन में भारत की जनगणना 2027 अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना संबंधी कार्य 1 मई 2026 से 30 मई 2026 तक जिले में किया जाएगा। राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य को निर्धारित अवधि में अनिवार्य रूप से संपादित किया जाना सुनिश्चित किया जाना है। कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी श्रीमती मिशा सिंह द्वारा जारी आदेशानुसार मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य की महत्ता को दृष्टिगत रखते हुए उक्त कार्य में संलग्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों के 1 मई 2026 से 30 मई 2026 तक सभी प्रकार के अवकाश प्रतिबंधित रहेंगे।

'खेल युवा शक्ति को करते हैं सेवा के लिए प्रेरित': सतगुरु माता

# आस्था और ऊर्जा का संगम: निरंकारी यूथ फोरम के खेलों का भव्य शुभारंभ

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू स्थित ढालपुर मैदान में निरंकारी यूथ फोरम के युवा खेलों का भव्य शुभारंभ परम श्रद्धेय सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज और निरंकारी राजपिता रमित जी के पावन सान्निध्य में हुआ। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के संयुक्त सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम ने क्षेत्रीय सीमाओं से ऊपर उठकर एकता का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत किया।



कार्यक्रम की शुरूआत सतगुरु माता जी द्वारा ध्वजारोहण एवं मशाल प्रज्वलन के साथ हुई। पूरे वातावरण में युवाओं का जोश और समर्पण प्रभावशाली रहा। अपने आशीर्वचनों में सतगुरु माता सुदीक्षा जी ने कहा कि खेल युवा शक्ति को सेवा और एकत्व की ओर प्रेरित करते हैं। ये खेल केवल शारीरिक क्षमता बढ़ाने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि अपने शरीर को निरंकार की सेवा में समर्पित करने का एक पावन अवसर हैं। उन्होंने कहा कि यह आयोजन युवाओं को आध्यात्मिकता, अनुशासन और एकत्व के मूल्यों से जोड़ता है, जहां विविधता में एकता का जीवंत संगम देखने को मिलता है।

कार्यक्रम में शामिल हुए उज्जैन के मीडिया सहायक विनोद गज्जर ने बताया कि इस भव्य आयोजन में उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने सतगुरु माता सुदीक्षा जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।

### गोस्वामी समाज के 32 वां सामूहिक विवाह में चार जोडे परिणय सूत्र में बंधे

**बड़नगर।** दशनाम गोस्वामी समाज मंडल बड़नगर का 32वा सामूहिक विवाह सम्मेलन 26 अप्रैल रविवार को भगवती माता मंदिर परिसर मैं संपन्न हुआ। इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में चार जोडे परिणय सूत्र में बंधे यह सामूहिक विवाह भगवान दत्तात्रेय एवं गुरु शंकराचार्य की माहा आरती के साथ शुरू हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महंत मनु अरण्य छिंदवाड़ा थे समाज अध्यक्ष देवपुरी गोस्वामी ने बताया कि समिति द्वारा वर,वधुओं को चार दाने सोने का मंगलसूत्र, अलमारी, पलंग, बर्तन आदि सामग्री दी गई। कार्यक्रम में उज्जैन, रतलाम के बड़ी संख्या में समाज बंधुओ ने भाग लिया। समाज के महंत जितेंद्र भारती, किशोर गिरी, भेरू गिरी, गणेश गिरी, पवन भारती ने बाहर से पधारे सभी समाज बंधुओ का आभार माना।

## अभिभाषक संघ द्वारा न्यायिक मजिस्ट्रेट अवनी व्यास का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया

ब्रह्मास्त्र ›› बड़नगर

न्याय पालिका की गरिमा एवं पारस्परिक सम्मान की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए अभिभाषक संघ बड़नगर द्वारा छिंदवाड़ा से स्थानांतरित होकर आई न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री अवनी व्यास के सम्मान में सोमवार को अभिभाषक संघ कक्ष में एक सुसंगठित एवं गरिमामय स्वागत समारोह आयोजित किया गया।

समारोह में अभिभाषक संघ के अध्यक्ष करण रंजीत राठौड़ ने पुष्पगुच्छ भेंट कर सुश्री अवनी व्यास का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया तथा उनके सफल, निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्यकाल हेतु शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम बिलास गुप्ता, न्यायिक अधिकारीगण ऋचा गोयल बंसल एवं गौरव चौरसिया की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक विशिष्ट बना दिया। अपने संबोधन में न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री अवनी व्यास ने अभिभाषक संघ द्वारा किए गए आत्मीय स्वागत के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे सौहार्दपूर्ण आयोजन न्यायिक परिवार के बीच सकारात्मक संबंधों को सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने अपेक्षा जताई कि भविष्य में भी इसी प्रकार के स्वागत एवं संवाद के कार्यक्रम निरंतर आयोजित होते रहें, जिससे आपसी समन्वय एवं सहयोग की भावना और अधिक प्रबल हो सके।

कार्यक्रम में संघ के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अभिभाषकों की उल्लेखनीय सहभागिता रही। सभी ने नवागत न्यायिक मजिस्ट्रेट के स्वागत के साथ न्याय व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़, पारदर्शी एवं सौहार्दपूर्ण बनाने की आशा व्यक्त की। कार्यक्रम का संचालन जयप्रकाश त्रिवेदी एवं आभार प्रदर्शन पियूष श्रीवास्तव ने किया। जानकारी मीडिया प्रभारी दिलनवाज खान द्वारा दी गई।

## नृसिंह जयंती पर उज्जैन से गूंजा महानाद, विश्व शांति के लिए सामूहिक ॐ का उच्चारण

### 11वें अंतर्राष्ट्रीय महानाद योग में देश-विदेश के लोग हुए ऑनलाइन शामिल, 11 बजकर 11 मिनट पर किया नाद

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

नृसिंह जयंती के अवसर पर उज्जैन से 11वें अंतर्राष्ट्रीय महानाद योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्व शांति और वैश्विक एकता के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों ने ऑनलाइन हिस्सा लिया।

आयोजन में भारतीय समयानुसार सुबह 11 बजकर 11 मिनट 11 सेकंड पर सभी प्रतिभागियों ने एक साथ 11 बार ॐ का सामूहिक उच्चारण किया, जिससे वातावरण सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विश्व शांति, आत्म-उपचार और सकारात्मकता का प्रसार करना था। इसके साथ ही स्थायी युद्धविराम, देश के सैनिकों का मनोबल बढ़ाने और समाज में सद्भाव एवं एकता का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में डॉ. स्वामी नारदानंद ने ओंकार नाथ और शक्ति पात विद्या के महत्व पर प्रकाश डालते हुए आध्यात्मिक साधना की जानकारी दी। वहीं, डॉ. पीएन मिश्रा ने साउंड एनर्जी और ओंकार के वैज्ञानिक व आध्यात्मिक प्रभावों पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का संचालन विजय कौशिक ने किया और अंत में स्वामी प्रणवानंद ने सभी प्रतिभागियों व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।



## खबर एक नजर...

### आयुर्वेद से घर बैठे संभव है कई बीमारियों का इलाज: पं. पूरन दास बैरागी

**उज्जैन।** आयुर्वेद एक ऐसा विज्ञान है जिसके माध्यम से हम रसोई में उपलब्ध सामग्री से ही कई सामान्य बीमारियों और यहां तक कि असाध्य रोगों का भी इलाज कर सकते हैं।

जज्बा समर कैंप में बच्चों को संबोधित करते हुए यह बात प्रसिद्ध नाड़ी वैद्य पं. पूरन दास बैरागी ने कही। उन्होंने बच्चों को अलग-अलग मौसम के अनुसार दवाइयां लेने के तरीके भी बताए, ताकि घर पर ही आसानी से प्राथमिक उपचार किया जा सके। इसी क्रम में प्रसिद्ध यूनानी हकीम डॉ. नासिर ने भी विभिन्न विधाओं के माध्यम से तात्कालिक इलाज की प्रक्रिया समझाई। उन्होंने जज्बा संस्था द्वारा किए जा रहे शैक्षणिक कार्यों की जमकर सराहना की। कार्यक्रम को हाफिज शाहनवाज ने भी संबोधित किया। शहाबुद्दीन भुरू शेख और हारून नागौरी ने बताया कि इस अवसर पर अतहर आलम अंसारी, इरशाद नागौरी, शादाब लाला, जहीर शेख और आमिर कुरैशी उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन सादिक खान ने किया।

### संगमरमर से निखरा 200 वर्ष प्राचीन राधाकृष्ण मंदिर

उज्जैन। कतिया बाखल स्थित लगभग 200 वर्ष प्राचीन श्री राधाकृष्ण मंदिर के भव्य जीर्णोद्धार के बाद बुधवार को पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का उल्लास के साथ शुभारंभ हुआ। कतिया समाज सेवा समिति द्वारा आयोजित इस महोत्सव के पहले दिन सुबह रामघाट से मंदिर तक भव्य जलयात्रा और कलश यात्रा निकाली गई। इस दौरान मातृशक्ति लाल और पीली चुनरी पहनकर शामिल हुईं।

शाम को पंचायती श्री निरंजनी अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी भागवतनंद गिरि महाराज के मुखारविंद से भक्तिमय भजन और आध्यात्मिक प्रवचन हुए, जिसका समाजजनों ने भावपूर्ण श्रवण किया। समिति के अनुसार यह धार्मिक आयोजन 3 मई तक चलेगा और महोत्सव के दौरान भोजन प्रसादी की व्यवस्था माधव सेवा न्यास भारत माता मंदिर स्थित भोजन शाला में रहेगी।

समिति सदस्य मितेश नागमोतिया ने बताया कि महोत्सव के आगामी कार्यक्रमों के तहत 30 अप्रैल गुरुवार को सुबह नित्य पूजन, अग्नि स्थापना व अन्नाधिवास होगा, वहीं शाम 7 बजे से संत समागम और सामाजिक वरिष्ठजनों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इसके अगले दिन 1 मई शुक्रवार को सुबह घृताधिवास एवं संस्कृत में सत्यनारायण कथा का मूल पाठ होगा और शाम 7 बजे से इंदौर की सुप्रसिद्ध गायिका जिया परमार की सुमधुर भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में 2 मई शनिवार को नित्य पूजन, शर्कराधिवास व फलाधिवास के पश्चात शाम 5 बजे से भगवान की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः मंदिर पहुंचेगी। महोत्सव का समापन 3 मई रविवार को नारद जयंती के पावन अवसर पर होगा। इस दिन सुबह हवन और अनुष्ठान के बाद सिंह स्थिर लग्न में भगवान की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी।

#### 8 साल बाद ज्येष्ठ माह में पड़ेगा अधिकमास

# 17 मई से 15 जून तक शादी, मुंडन, गृह प्रवेश जैसे मांगलिक कामों पर रोक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

करीब 8 वर्ष बाद इस बार जेष्ठ माह में अधिकमास (पुरुषोत्तम मास) का दुर्लभ संयोग बन रहा है। पंचांग गणना के अनुसार 17 मई से अधिकमास मास की शुरूआत होगी, जो 15 जून तक चलेगा। इस अवधि में विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन सहित सभी मांगलिक कार्यों पर विराम रहेगा।



ज्योतिषाचार्यों के अनुसार अधिकमास के दौरान धार्मिक अनुष्ठान, तीर्थ यात्रा, सत्संग, कल्पवास, जप-तप, दान-पुण्य और पूजा-पाठ करना अत्यंत शुभ माना जाता है। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य अमर डिब्बेवाला के मुताबिक हिंदू पंचांग की गणना विक्रम संवत पर आधारित होती है और वर्तमान में विक्रम संवत 2082चल रहा है। उन्होंने बताया कि अधिकमास तब बनता है, जब पूरे चंद्र मास के दौरान सूर्य किसी नई राशि में प्रवेश नहीं करता। दरअसल, चंद्र मास और सौर मास की गणना में होने वाले अंतर को संतुलित करने के लिए हर 2 से 3 वर्ष में एक अतिरिक्त महीना जोड़ा जाता है, जिसे अधिकमास या पुरुषोत्तम मास कहा जाता है। धार्मिक मान्यता है कि इस माह में किए गए व्रत, जप, तप और दान का फल सामान्य दिनों की तुलना में कई गुना अधिक मिलता है। ज्योतिषाचार्य के अनुसार जेष्ठ माह को हिंदू पंचांग में विशेष प्रभावशाली माना गया है और इसका संबंध जेष्ठा नक्षत्र के पक्षीय अनुक्रम से भी जुड़ा है। उन्होंने बताया कि इससे पहले वर्ष 1988, 1999, 2007 और 2018 में जेष्ठ अधिकमास पड़ा था.

### दिल्ली के गृहमंत्री और गोवा के कैबिनेट मंत्री महाकाल पहुंचे

**उज्जैन।** श्री महाकालेश्वर मंदिर में गुरुवार सुबह दो अलग-अलग राज्यों के मंत्री दर्शन के लिए पहुंचे। गोवा सरकार के कैबिनेट मंत्री सुभाष उत्तम फल देसाई भस्म आरती में और दद्योदक आरती में शामिल होने के लिए दिल्ली सरकार के गृहमंत्री आशीष सूद महाकाल मंदिर पहुंचे। गोवा सरकार के कैबिनेट मंत्री सुभाष उत्तम फल देसाई सुबह चार बजे मंदिर पहुंचे। उन्होंने नंदी हॉल से भगवान महाकाल की भस्म आरती देखी और चांदी द्वार से भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया।

### गौ सेवा आह्वान बड़नगर द्वारा तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

**बड़नगर।** श्री अग्रपीठाधीश्वर एवं श्री मलूक पीठाधीश्वर द्वाराचार्य श्री राजेंद्रदास महाराज के आह्वान पर सोमवार को एक व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत आमजन एवं गोशाला सेवकों ने ह्यगौ सेवा सम्मान आह्वान अभियान के तहत गौ संरक्षण और सम्मान को लेकर तहसीलदार रूपाली जैन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा। कार्यक्रम का नेतृत्व गौ सेवकों द्वारा किया गया। वक्ताओं ने कहा कि गौवंश भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रमुख प्रतीक है, जिसकी रक्षा एवं संवर्धन करना प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। गौशाला समिति के अध्यक्ष डॉ. वासुदेव काबरा ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य समाज में जागरूकता फैलाना तथा प्रशासन का ध्यान गौ संरक्षण की ओर आकर्षित करना है। वर्तमान समय में गौवंश की स्थिति चिंताजनक है। उन्होंने गौशालाओं की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने तथा सड़कों पर विचरण कर रहे गौवंश के लिए स्थायी आश्रय की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। कार्यक्रम के दौरान कीर्तन के साथ उपस्थित लोगों ने गौ माता के समर्थन में नारे लगाए। वक्ताओं ने कहा कि गौ संरक्षण केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि पर्यावरण संतुलन एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था से भी गहराई से जुड़ा हुआ है।

### 19 मई को होगा 21 दिवसीय अष्टधूनी तपस्या का समापन

**उज्जैन।** शिप्रा नदी के समीप स्थित चक्रतीर्थ श्मशान घाट पर भीषण गर्मी और 40 डिग्री से अधिक तापमान के बीच चल रही दुर्लभ एवं कठोर ह्लअष्टधूनी तपस्याह्व इन दिनों श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। 21 दिवसीय यह विशेष धार्मिक आयोजन 29 अप्रैल 2026 से प्रारंभ होकर लगातार जारी है, जो 19 मई 2026 तक चलेगा। वहीं 20 मई को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। आयोजन अघोर अखाड़ा एवं श्री सेनापति काल भैरव गौ सेवा संगठन, उज्जैन के तत्वावधान में संपन्न हो रहा है। संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री रवि चौधरी ने बताया कि सनातन धर्म एवं गौ माता की रक्षा के संकल्प के साथ यह 21 दिवसीय यज्ञ एवं तपस्या आयोजित की जा रही है। प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक साधक अपने चारों ओर आठ दिशाओं में अग्नि धूनियां प्रज्वलित कर कठोर साधना करते हैं। प्रचंड गर्मी के बीच अग्नि के मध्य बैठकर एवं खड़े रहकर की जा रही यह तपस्या अत्यंत कठिन मानी जाती है।तपस्या खड़ेश्वरी अघोरी बाबा योगी बिष्णु नाथ जी महाराज व योगी सोमवार नाथ जी महाराज द्वारा की जा रही है।

# अवैध निर्माण कर मुआवजे की मांग: कंठाल में सरकारी काम अटका रहे अतिक्रमणकारी

### बिना नक्शा पास कराए ओपन पोर्च में तान दी दुकान, पार्किंग और नाली पर अतिक्रमण को लेकर 2006 और 2024 में भी हो चुकी है निगम में शिकायत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर में चल रहे विकास कार्यों के बीच अतिक्रमणकारियों द्वारा मुआवजे की अनुचित मांग कर शासकीय कार्य में देरी करने का मामला सामने आया है। कंठाल चौराहा स्थित मकान नंबर 101 के मालिक मनीष गुप्ता पिता विट्ठल दास गुप्ता पर आरोप है कि उन्होंने बिना नक्शा पास कराए ओपन पोर्च में अवैध रूप से दुकान का निर्माण कर लिया है। अब इसी अवैध निर्माण के बदले मुआवजे की मांग की जा रही है जिससे विकास कार्यों में बाधा उत्पन्न हो रही है और सरकारी काम लेट हो रहा है।

रजिस्ट्री में ओपन पोर्च, फिर भी कर लिया गैर-कानूनी निर्माण

रहवासियों के अनुसार मनीष गुप्ता की रजिस्ट्री में स्पष्ट रूप से ओपन पोर्च दर्ज है। वर्ष 1980 के मास्टर प्लान के अनुसार यहाँ 10 फीट का साइड बैक छोड़ना अनिवार्य था। यह संपत्ति पहले 40 सालों तक बैंक ऑफ बड़ौदा को किराए पर दी गई थी जो कि पब्लिक डोमेन में है। नागरिकों का सवाल है कि पहले बिना अनुमति के गैर-कानूनी निर्माण करना और अब उसी अतिक्रमण पर मुआवजा मांगना कहाँ तक उचित है।

### पार्किंग पर कब्जे की 2006 में हो चुकी है शिकायत

इस संपत्ति पर अतिक्रमण का विवाद दशकों पुराना है। 2 मई 2006 को भी कंठाल चौराहे के समस्त निवासियों ने नगर पालिक निगम में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। आशाराम, अनिल कुमार, रॉयल मेडिकल, आयुर्वेदिक फामेर्सी सहित कई अन्य रहवासियों द्वारा हस्ताक्षरित इस शिकायत में बताया गया था कि विट्ठलदासजी गुप्ता ने पुरानी बैंक ऑफ बड़ौदा वाली जगह खरीदकर वहां पहले से छोड़ी गई पार्किंग की चौड़ी जगह पर अतिक्रमण कर दुकान बना ली है। इस अवैध अतिक्रमण के कारण मोहल्ले में पार्किंग की भारी समस्या उत्पन्न हो गई थी।

### नाली पर बनाया पक्का प्लेटफॉर्म, सफाई व्यवस्था चरमराई

हाल ही में 27 मई 2024 को वार्ड क्रमांक 20 के रहवासी अरविन्द मेदावाला ने नगर निगम आयुक्त को फिर से एक शिकायत प्रस्तुत की है। इस शिकायत में बताया गया है कि मनीष गुप्ता ने अपनी दुकान के आगे नाली के ऊपर पूरा पक्का प्लेटफॉर्म बना लिया है। इससे सफाई कर्मचारियों को सफाई करने में काफी परेशानी हो रही है। प्रॉपर्टी के ओपन स्पेस में असंवैधानिक रूप से दुकान का निर्माण कर लिया गया है। इन्हें देखकर अन्य व्यक्ति भी प्लेटफॉर्म बना रहे हैं जिससे नालियों की पर्याप्त सफाई नहीं हो पा रही है और आस-पड़ोस वालों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### नगर निगम द्वारा घोषित खतरनाक मकान का भी मांग रहे मुआवजा

विकास कार्यों को रोकने के लिए सिर्फ एक ही जगह विवाद नहीं है। आशाराम अनिल कुमार से जुड़े एक अन्य मामले में भी काम रोका जा रहा है। रहवासियों के अनुसार यह एक जर्जर और गिराव मकान है जिसे खुद नगर निगम ने पोस्टर लगाकर खतरनाक घोषित किया था और यह मकान केवल अधिकारियों के रहमोकरम पर टिका हुआ था। अब इस जर्जर संपत्ति का भी मुआवजा मांग कर फालतू के लफड़े डालकर विकास कार्यों को लटकाया जा रहा है।

# उज्जैन में आज मनेगा बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव

## निकलेगी विश्व शांति धम्मदीप महारैली, भारतीय बौद्ध महासभा और प्रबुद्ध महिला संगठन ने की

### स्वास्थ्य शिविर और मैत्री भोज का भी होगा आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

भगवान बुद्ध के जन्म, ज्ञान और महापरिनिर्वाण के पावन अवसर पर 1 मई शुक्रवार को शहर में बुद्ध पूर्णिमा महोत्सव उत्साह के साथ मनाया जाएगा। भारतीय बौद्ध महासभा एवं प्रबुद्ध महिला संगठन उज्जैन के तत्वावधान में अशोक बुद्ध विहार में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

मनोज नागदेवे के अनुसार महोत्सव के तहत सुबह 7.30 बजे अशोक बुद्ध विहार से विश्व शांति धम्मदीप महारैली



निकाली जाएगी। यह महारैली मक्सी रोड, गणेशपुरा, गोपालपुरा, लक्ष्मीनगर, सेठीनगर चौराहा, सांदीपनी चौराहा और शहीद पार्क होते हुए टॉवर चौक पहुंचेगी। यहां फ्रीगंज स्थित संविधान निमार्ता डॉ. बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पंचशील और त्रिशरण वंदना की जाएगी। इसके पश्चात महारैली पुनः अशोक बुद्ध विहार पहुंचकर वंदना के साथ संपन्न होगी।

इसी दिन प्रातः 11 बजे से अशोक बुद्ध विहार में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। वहीं शाम 7 बजे से अतिथि उद्बोधन, सम्मान समारोह और मैत्री भोज का आयोजन रखा गया है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय बौद्ध महासभा के जिला अध्यक्ष आर. आर. जवादे करेंगे। आयोजन को सफल बनाने में कार्याध्यक्ष कल्पना कुम्भारे, उपाध्यक्ष शशिकांत देशभ्रतार, चित्रलेखा मानवटकर, रवि धारकर व विजय गोलघाटे, महासचिव पंकज भागवत काम्बले, सहसचिव संतोष लोखंडे व संगीता टेम्भूर्णे, मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र सोलंकी, कोषाध्यक्ष ममता सहारे, कार्यकारिणी संगठक आदर्श जामगड़े, ऑडिटर अरुण मुंघाटे, मार्गदर्शक सुरेश वासनिक, कार्यालय सचिव अशोक उपाध्ये के साथ ही मनोज नागदेवे, हरिदास वानखेड़े, राजकुमार फूलमाली, भरत मेंढे और अभिलाष शंभरकर सहित सभी पदाधिकारी जुटे हुए हैं। आयोजकों ने सभी से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### नवनियुक्त अध्यक्ष ने गौ माता की सेवा कर काम की शुरूआत

**उज्जैन।** रिंग रोड स्थित तिलकेश्वर गौशाला में नवनियुक्त विकास प्राधिकरण अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद डॉ. सोलंकी ने मंगलवार शाम पदभार ग्रहण किया और अगले ही दिन गौ माता की सेवा कर अपने कार्य की शुरूआत की। उन्होंने गौ माता को चना खिलाकर आशीर्वाद लिया तथा गौ सेवा का संदेश दिया। इस अवसर पर निशांत यादव एवं रोहित मित्तल मंडल द्वारा डॉ. रवि सोलंकी का महाकाल का दुपट्टा पहनाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बड़े भाई एवं समाजसेवी नारायण यादव उपस्थित थे।

# 60 मेगावाट के सोलर प्लांट का लोकार्पण किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंडलेश्वर



जलूद में 271 करोड़ की लगात से बने 60 मेगावाट के सोलर प्लांट का मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बुधवार को लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मां सरस्वती को दीप प्रज्वलित किया जिसके पश्चात कार्यक्रम प्रारंभ किया गया महेश्वर विधायक राजकुमार मेव ने मुख्यमंत्री को गौ माता की मूर्ति भेट की।

इंदौर नगर निगम के द्वारा बने इस प्लांट के लोकार्पण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा भारत सरकार के योजना के माध्यम से इंदौर नगर निगम ने लोगों को इस परियोजना में भागीदार बनाया है। जिसमें एक-एक लाख के 10 लाख के बॉन्ड देश के किसी भी जगह पर रहने वाला व्यक्ति खरीद सकता है। जिस पर सालाना 8 प्रतिशत का प्रॉफिट मिलेगा। कोई इसे बेचना भी चाहे तो बेच भी सकता है। वहीं ग्रीन बॉन्ड स्कीम के माध्यम से बनने वाली यह देश की पहली परियोजना है। इसमें 42 करोड़ रुपए भारत सरकार भी देगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने कांग्रेस की तत्कालीन सरकार को बिजली, सड़क की दुर्गति पर भी खूब कोसा।

उन्होंने याद दिलाया कि भाजपा सरकार से पहले कांग्रेस सरकार में किस तरह सड़कों में गड्ढे हुआ करते थे और पूरा प्रदेश बिजली कटौती से जूझता था। तब न बिजली, न सड़क, न पानी मिलता था। लेकिन आज मध्यप्रदेश की तस्वीर बदल गई है। बिजली के मामले में आत्मनिर्भर बन गया है और आने वाले समय में हम किसानों को दिन में बिजली देने की ओर बढ़ रहे हैं।पुष्यमित्र भार्गव ने कहा जलूद और मंडलेश्वर का इंदौर पर ऋण हैं। इस भूमि ने केवल जल ही नहीं ऊर्जा के क्षेत्र में इंदौर नगर निगम को आत्मनिर्भर बनाने में सहयोग दिया है। उन्होंने प्रोजेक्ट से जुड़ी जानकारी साझा करते हुए कहा इस प्रोजेक्ट में देश के 28 राज्यों का 750 करोड़ रुपया ग्रीन बॉन्ड के माध्यम से आया है। जबकि हमें 250 करोड़ रुपए की ही आवश्यकता थी। महेश्वर विधायक राजकुमार मेव ने मंच से कहा हमने अहिल्या कारीडोर मांगा था, मुख्यमंत्री ने उसकी स्वीकृति दी और आज उसका काम चालू हो गया। 25 सौ करोड़ का बायपास मांगा, बड़वाह-धामनोद रोड के प्रभावित किसानों के लिए 3 गुना मुआवजा मांगा मुख्यमंत्री ने उसे 4 गुना करके स्वीकृत किया।कार्यक्रम में मंच पर सांसद शंकर लालवानी, राज्यसभा सांसद डॉ सुमेरसिंह सोलंकी, मंत्री तुलसीराम सिलावट, विधायक सचिन बिरला, विधायक बालकृष्ण पाटीदार, गोलू शुक्ला, भाजपा जिला अध्यक्ष नंदा ब्राह्मणे,जिला महामंत्री विवेक भटोरे, हरे सिंह चावड़ा, डॉ बद्रीप्रसाद पाटीदार ,मंडलेश्वर मंडल अध्यक्ष नेता सतीशचंद्र मोयदे, पूर्व सांसद प्रतिनिधि डॉ. अखिलेश बर्वे ,पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज शर्मा, पार्षद नितिन पाटीदार, ब्रह्मदत्त चौहान,अनिरुद्ध हलवे सहित इंदौर नगर निगम के पार्षद और इंदौर-खरगोन जिले के भाजपा कार्यकर्ता मंच पर उपस्थित थे।

# होनहार विद्यार्थियों ने बीसीए तृतीय वर्ष की परीक्षा परिणाम में अभूतपूर्व सफलता अर्जित की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंडलेश्वर

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर द्वारा आयोजित बीसीए तृतीय वर्ष की परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें सरदार वल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय की होनहार बालिका कु. खुशी विजय ठाकुर ने 8.95 सीजीपीए अंक प्राप्त कर प्रवीण्य सूची में द्वितीय स्थान अर्जित कर महाविद्यालय के साथ संपूर्ण निमाड़ क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। और कु.रितिका गजेंद्रसिंह राठौर 8.77 सीजीपीए अंक प्राप्त कर विश्व विद्यालय की प्रवीण्य सूची में पांचवां स्थान प्राप्त किया। दोनों होनहार छात्राओं की प्रशंसनीय सफलता पर महाविद्यालय संचालक बी.एम. पाटीदार ने बालिकाओं की महत्वपूर्ण सफलता पर पालकों के अटूट विश्वास की सराहना की तथा रैंकर्स को बधाई दी और अकादमिक संचालक संजय गर्ग ने बधाई देते हुए कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल महाविद्यालय मंडलेश्वर के स्वर्णिम इतिहास में दो चमकते सितारें और जुड़ गए हैं, दोनों बालिकाओं के साथ-साथ सभी अनुभवी प्राध्यापकों को भी बधाई दी। प्रो. कनुप्रिया बर्वे, प्रो. गोपाल सोनवे, प्रो.सौम्या कसेरा एवं सहयोगी कमलेश पाटीदार, अजय गीते, विजय राठौड़, लोकेश पाटीदार, राहुल शर्मा, राजेश पटेल आदि महाविद्यालय परिवार ने दोनों बालिकाओं को भी अभुतपूर्व सफलता पर बधाई दी।





# सोडल बाबा जन्मोत्सव, दो दिवसीय आयोजन बड़ी ही धूमधाम से मनाया

**हरसवाडा।** हरसवाडा के सोडल बाबा का जन्मदिन प्रतिवर्ष इस क्षेत्र में बड़े हर्ष और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है,इस बार भी दो दिन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ श्री जादम गुर्जर समाज के अंतर्गत मनाया जाएगा।बाबा का जन्मदिन मनाने के लिए बड़ी जोर शोर से तैयारियां हो चुकी है। इस भव्य आयोजन मे दूर दूर से भक्तगण सहित जनप्रतिनिधि सम्मिलित होते है। यह पर्व भक्तों के लिए विशेष होता है। जिसमे बाबा के भक्त बड़े उत्साह के साथ पर्व के रुपए मे मनाते है। जहां वे बाबा की कृपा और आशीर्वाद पाने के लिए लोग दूर दूर से इकट्ठा होते हैं और इस अवसर पर दो दिन बाहर से भजन गायकों को भी बुलाया जाता हैंऔर पूरा गांव भजनों में झूम उठता हैं बाबा सोडल देव का उत्सव का माहौल सोडल बाबा हरसवाडा,भूईफल, गुर्जर बड़िया (मध्य प्रदेश) में भक्तों द्वारा जन्मदिन पर उत्साहपूर्ण आयोजन किया जाता है। भक्ति और विश्वास से बाबा सोडल को दैवीय शक्तियों वाला माना जाता है, और उनके प्रति भक्तों में गहरा विश्वास है।समुदाय की भागीदारी स्थानीय गुर्जर समाज और आसपास के श्रद्धालु इस पावन अवसर पर बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। इस वर्ष यह आयोजन आगामी 29 अप्रेल को बाबा के दरबार मे खाटूश्याम भजन पूज्य जीजी गोरी अग्रवाल के गीतों की प्रस्तुतिया दी गई ।वही अगले दिन यानि कल 30 तारीख को निमाड़ी भजनो कि पूज्य बालकृष्ण धनगर ने प्रस्तुतिया दी। और 1 अप्रैल को बाबा की भव्य व दिव्य यात्रा निकले गी वहीं रात 12 बजे आतिश बाजी के साथ बाबा सोडल देव की भव्य काकड़ आरती होगी ।

# मकान सूचीकरण से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक वीसी के माध्यम से आयोजित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ आलीराजपुर



जनगणना कार्य निदेशालय मध्यप्रदेश भोपाल से जनगणना कार्य निदेशक श्री कार्तिकेय गोयल द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जनगणना कार्य को सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से संपादित करने के उद्देश्य से जनगणना के प्रथम चरण मकान सूचीकरण (1 मई से 30 मई) की समीक्षा गई। बैठक में आगामी जनगणना को पूर्णतः डिजिटल मोड में संपादित करने तथा 1 मई से प्रारंभ होने वाले मकान सूचीकरण कार्य के जमीनी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की गई। साथ ही सभी संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। जनगणना कार्य निदेशक श्री गोयल ने मकान सूचीकरण ब्लॉकों (।ारुक्र) के गठन एवं सीमांकन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को नियुक्ति पत्र एवं पहचान पत्र पावती सहित वितरित किए जाएं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि एचएलबी की सीमाएं पूरी तरह स्पष्ट हों तथा केवल त्रुटिपूर्ण मानचित्रों का ही पुनः निर्माण किया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक ब्लॉक की पहचान शत-प्रतिशत सुनिश्चित हो। १-३ मई तक सभी क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार भवन नंबरिंग एवं जनगणना मकान को चिह्नित कर लेआउट मैप का रफ ड्राफ्ट तैयार करना सुनिश्चित करे। जनगणना 2027 के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु ग्रामीण क्षेत्रों में मुनादी तथा शहरी क्षेत्रों में कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए। साथ ही अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे निरंतर निरीक्षण व कार्य की गुणवत्ता की जांच की।

# जिले के कतरगांव में मुख्यमंत्री ने लिया उपार्जन की व्यवस्थाओं का जायजा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंडलेश्वर



किसान कल्याण के लिए प्रतिबद्ध मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल यानी 29 अप्रैल को जो कहा था, वैसा ही 30 अप्रैल को किया। उन्होंने कहा था कि वे किसी भी गेहूं उपार्जन केंद्र का आकस्मिक दौरा कर सकते हैं और, हुआ भी यही। वे आज सुबह अचानक खरगोन जिले के कतरगांव में बनाए गए उपार्जन केंद्र के निरीक्षण लिए पहुंचे।

इस दौरान उन्होंने उपार्जन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने यहां किसानों से चर्चा की और उनके साथ चाय भी पी। इसके अलावा उन्होंने केंद्र से संबंधित लोगों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महेश्वर में २९ अप्रैल को रात्रि विश्राम किया था।उधर, सरकार ने किसानों के लिए उपार्जन केंद्रों पर छाया, बैठक और कई अन्य सुविधाओं की व्यवस्था की है। अब किसान जिले के किसी भी उपार्जन केन्द्र पर उपज विक्रय कर सकते हैं। इतना ही नहीं, किसानों को गेहूं की तौल के लिए इंतजार नहीं करना पड़े इसके लिए उपार्जन केन्द्रों में तौल कांटों की संख्या बढ़ाकर 6 कर दी गई है। सरकार जिलों में और भी तौल कांटे बढ़ा रही है। सरकार ने चमक विहीन गेहूं की सीमा भी 50 प्रतिशत कर दी है। सूकड़े दाने की सीमा 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत तक की गई है। क्षतिग्रत दानों की सीमा बढ़ाकर 6 प्रतिशत तक की गई है।

# बिना बीमा व बिना हेलमेट वाहन चालकों पर आर टी ओ ने की कार्रवाई



**आलीराजपुर।** झाबुआ-अलीराजपुर रोड स्थित आरटीओ कार्यालय के सामने कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर के मार्गदर्शन में आरटीओ अधिकारी श्रीमती कृतिका मोहटा द्वारा बिना बीमित दोपहिया वाहनों के खिलाफ विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई की गई। विशेष अभियान के तहत करीब 50 से अधिक मोटरसाइकिलों की जांच की गई, जिनमें से 7 वाहन बिना बीमा के संचालित पाए गए। ऐसे वाहनों को जब्त कर वाहन मालिकों को नया बीमा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। वहीं, 13 ऐसे वाहन चालक भी पाए गए जिनकी मोटरसाइकिलें नई थीं, लेकिन वे बिना हेलमेट के वाहन चला रहे थे। इन सभी पर कुल 3900 रुपए का चालान किया गया। आरटीओ अधिकारी श्रीमती कृतिका मोहटा के अनुसार इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना और दुर्घटना की स्थिति में वाहनों का वैध बीमा सुनिश्चित करना है, ताकि नियमों के अनुसार पीड़ितों को प्रतिकर राशि मिल सके।उन्होंने कहा आगे भी इस तरह के अभियान लगातार चलाए जाएंगे साथ ही उन्होंने नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने का आग्रह किया है।

# 9 मई को कुटुंब न्यायालय बुरहानपुर में लगेगी लोक अदालत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर

वर्ष 2026 की द्वितीय लोक अदालत का आयोजन 9 मई 2026 शनिवार को कुटुंब न्यायालय बुरहानपुर में होना है। कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश तनवीर अहमद खान ने कहा कि लोक अदालत में पारिवारिक मामलों का निराकरण मध्यस्थता के माध्यम से करवाना एक सशक्त माध्यम है। इससे न किसी की जीत होती है न किसी की हार।

उन्होंने बताया कि आपसी समझौतों के आधार पर न्यायालय में लंबित सभी प्रकार के मुकदमे जैसे भरण पोषण संबंधी धारा 144 (125 द.प्र.स.) एवं 146 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, धारा 144 (3) भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता भरण पोषण राशि की वसूली, धारा 9 हिन्दू विवाह अधिनियम, मुस्लिम वैवाहिक संबंधों की पुनर्स्थापना तथा अन्य राजीनामा योग्य प्रकरणों का



निराकरण आपसी समझौतों के आधार पर कराकर लाभ उठाया जा सकता है। लोक अदालत का फैसला अंतिम होता है जिसकी कोई अपील नहीं होती है। कुटुंब न्यायालय बुरहानपुर के प्रधान न्यायाधीश तनवीर अहमद खान ने हाई कोर्ट जबलपुर द्वारा पदस्थ कुटुंब न्यायालय के परामर्शदाताओं वरिष्ठ काउंसलर महेंद्र जैन, संदीप शर्मा, अलमास खान की एक बैठक ली। बैठक में निर्देश दिए गए कि पारिवारिक प्रकरणों में आपसी समझौते व मध्यस्थता के आधार पर ज्यादा से ज्यादा प्रकरणों का निराकरण हो, यही लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि इससे पक्षकारों को बार-बार न्यायालय नहीं आना पड़ता, समय की बचत होती है, आर्थिक परेशानियों से छुटकारा मिलता है और दोनों परिवार में सामंजस्य का वातावरण बनता है। पक्षकारों से अपेक्षा है कि 9 मई 2026 को आयोजित नेशनल लोक अदालत में उपस्थित होकर प्रकरणों का निराकरण करवाने में सहयोग प्रदान कर

# उप निरीक्षक देवड़ा का सम्मानपूर्वक सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह आयोजित

**रतलाम.** पुलिस महकमे के उप निरीक्षक वीरसिंह देवड़ा के सेवानिवृत्ति की आयु पूर्ण करने पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के मार्गदर्शन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार एवं रक्षित निरीक्षक मोहन भर्रावत द्वारा देवड़ा का पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया गया। साथ ही उन्हें श्रीफल, शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके सेवाकाल की सराहना करते हुए सेवानिवृत्ति की बधाई दी गई। अधिकारियों ने इस दौरान उनके परिवार की कुशलक्षेम पूछते हुए अच्छे स्वास्थ्य एवं सुखद भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं।



## टेली प्रॉम्पटर में डायलॉग पढ़ ट्रोल हुए थे अक्षय कुमार

**अब बचाव में उतरीं अमीषा पटेल, कहा- मेरे साथ 2 फिल्में कीं, मैंने उन्हें कभी ऐसा करते नहीं देखा**

बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय, हाल ही में टेली प्रॉम्पटर में डायलॉग पढ़कर जमकर ट्रोल हुए थे। दरअसल, एक्टर फिल्म भूत बंगला प्रमोट करने के लिए एकता कपूर के टीवी शो नागिन 7 का हिस्सा बने थे। एपिसोड के क्लिप जमकर वायरल हुए, जिसमें अक्षय बार-बार पढ़कर डायलॉग बोलते दिखे। अब इस पर अमीषा पटेल एक्टर के सपोर्ट में उतरी हैं।

हाल ही में बॉलीवुड को दिए इंटरव्यू में अमीषा पटेल से पूछा गया था कि क्या अक्षय सेट पर टेली प्रॉम्पटर इस्तेमाल करते हैं और पढ़कर डायलॉग बोलते हैं। इस पर एक्ट्रेस ने कहा, मेरे दो एक्सपीरियंस रहे हैं अक्षय कुमार के साथ। भूल भुलैया और मेरे जीवन साथी। सुनील दर्शन जी की फिल्म थी मेरे जीवन साथी, बहुत ही खूबसूरत फिल्म थी। तब तो मैंने कभी टेली प्रॉम्पटर नहीं देखा। हो सकता है कि कुछ फिल्मों में किया हो, लेकिन मैंने तो उन्हें कभी ऐसे इस्तेमाल करते नहीं देखा।

**क्यों एक्टर पर उठे सवाल-** अक्षय कुमार की फिल्म भूत बंगला 17 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। इसे एकता कपूर ने को-प्रोड्यूस किया है। ऐसे में फिल्म का प्रमोशन के लिए अक्षय कुमार, एकता कपूर के टीवी शो नागिन 7 में नाग गुरू के रोल में कैमियो करते नजर आए थे। एपिसोड ऑन-एयर होने के बाद अक्षय कुमार के कई वीडियो वायरल हो गए, जिसमें वो साफ तौर पर पढ़कर डायलॉग बोलते नजर आ रहे थे।

वीडियो वायरल होने के बाद एक्टर की जमकर आलोचना की जाने लगी। एक यूजर ने लिखा, '30 साल के करियर के बाद भी अगर 60 साल का एक्टर डायलॉग याद न रखे, तो कुछ लोगों को यह अजीब या शर्मनाक लग सकता है। हालांकि, कई कलाकार काम की स्पीड और प्रैक्टिकल कारणों की वजह से टेलीप्रॉम्प्टर का इस्तेमाल करते हैं।' वहीं एक यूजर ने लिखा है, इस तरह आप एक साल में 4 फिल्में करते हैं।

# स्प्लिट्सविला कंटेस्टेंट का दांत टूटा, आंखों में सूजन आई

टीवी शो स्प्लिट्सविला में नजर आईं प्रीत सिंह ने दावा किया कि मुंबई के एक क्लब में उनके साथ मारपीट की गई, जिससे उनका दांत टूट गया और आंखों में सूजन आ गई। प्रीत ने इंस्टाग्राम पर शेयर किए वीडियो में अपने चेहरे का क्लोजअप दिखाया, जिसमें उनके चेहरे की हालत बहुत खराब दिख रही है।

साथ ही कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'मैंने हमेशा सुना था कि मुंबई लड़कियों के लिए सबसे सुरक्षित शहरों में से एक है, लेकिन मैंने कभी नहीं सोचा था कि मेरा स्वागत इस तरह होगा। अभी भी मैं कांप रही हूं, मेरी आंखें सूजी हुई हैं, चेहरा घायल है और मैं अब भी समझने की कोशिश कर रही हूं कि क्या हुआ।'

उन्होंने आगे लिखा, 'मैं अपने दोस्त के साथ एक क्लब में बैठी थी। तभी एक लड़की अचानक चिल्लाने लगी और पूछने लगी कि हमें अंदर आने की इजाजत कैसे मिली। बात पहले बहस तक थी, लेकिन फिर उसके एक पुरुष दोस्त ने बीच में आकर हमारे साथ मारपीट की।' प्रीत ने यह भी लिखा कि उन्हें इतनी जोर से मारा गया कि उनका दांत टूट गया और चेहरा सूज गया। लोगों के बीच-बचाव के बाद मामला शांत हुआ। बाद में उन्हें पता चला कि वह लड़की खुद को इन्फ्लुएंसर बताती है। हालांकि, प्रीत ने अपनी पोस्ट में उस इन्फ्लुएंसर का नाम नहीं बताया।

**प्रीत सिंह ने मुंबई के क्लब में मारपीट होने का दावा किया**







### स्प्लिट्सविला 16 के कंटेस्टेंट्स ने किया रिएक्ट

स्प्लिट्सविला 16 के कई कंटेस्टेंट्स ने इस घटना पर रिएक्ट किया। जालक गोहिल ने लिखा, 'वह रात हमारे लिए किसी डरावने सपने जैसी थी। मैं जानती हूं प्रीत ने क्या झेला। इस बारे में बोलने के लिए बहुत हिम्मत चाहिए।' रुरु ठाकुर ने लिखा, ॥यह बहुत गलत है। उम्मीद है तुम ठीक हो। अपना ध्यान रखो। तुम बहुत मजबूत हो। वहीं हिमांशु अरोड़ा ने कमेंट किया, 'प्रीत, अपना ध्यान रखो। अगर किसी चीज की जरूरत हो तो मुझे कॉल करना।'

### कौन हैं प्रीत सिंह?

प्रीत सिंह टळश स्प्लिट्सविला सीजन 16 में 'पैसा विला' की एक कंटेस्टेंट के रूप में नजर आई थीं। शुरुआत में, कंटेस्टेंट्स को दो अलग-अलग विला, प्यार विला और पैसा विला में बांटा गया था, जिनका बाद में मर्जर हो गया। विशाल बाजाज के साथ ओरैकल जाने के बाद उन्हें आइडियल मैच घोषित नहीं किया गया था, जिसके बाद उनका एलिमिनेशन हो गया। स्प्लिट्सविला 16 को सनी लियोनी और करण कुंद्रा होस्ट कर रहे हैं। यह शो जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रहा है।





## रणबीर कपूर ने नहीं खिंचाई आदित्य रॉय के साथ फोटो

**कहा- आदित्य ज्यादा हैंडसम है, मुंबई में दोनों साथ नजर आए**

बॉलीवुड एक्टर्स रणबीर कपूर और आदित्य रॉय कपूर हाल ही में मुंबई में एक इवेंट के दौरान साथ नजर आए। इस दौरान दोनों के बीच गजब की बॉन्डिंग देखने को मिली। पैपराजी के सामने रणबीर ने मजाकिया अंदाज में आदित्य के साथ फोटो क्लिक कराने से मना कर दिया। मुंबई की एक सड़क पर जब दोनों एक्टर्स पैपराजी को पोज दे रहे थे, तब एक फोटोग्राफर ने उनसे साथ में फ्रेम में आने की रिक्वेस्ट की। इस पर रणबीर ने तुरंत मजाकिया अंदाज में कहा, नहीं, इसके साथ नहीं, ये बहुत हैंडसम है। रणबीर की यह बात सुनकर आदित्य हंस पड़े और उन्होंने हल्के से रणबीर को धक्का मारा।

11 साल पुरानी है ऑन-स्क्रीन दोस्ती रणबीर और आदित्य की दोस्ती काफी पुरानी है। फिल्म 'ये जवानी है दीवानी' में रणबीर ने 'बनी' और आदित्य ने उनके सबसे अच्छे दोस्त 'अवि' का किरदार निभाया था। अयान मुखर्जी के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई की थी। फिल्म में दीपिका पादुकोण और कल्कि केकलां भी मुख्य भूमिकाओं में थीं। ऑफ-स्क्रीन भी दोनों अक्सर साथ में समय बिताते नजर आते हैं।

'रामायण' की तैयारी में जुटे रणबीर वर्कफ्रंट की बात करें तो रणबीर कपूर फिलहाल नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' को लेकर चर्चा में हैं। वे फिल्म में भगवान राम का किरदार निभा रहे हैं। करीब 4000 करोड़ के बजट में बन रही इस फिल्म में साई पल्लवी, सनी देओल और यश जैसे सितारे भी नजर आएंगे। फिल्म का पहला भाग दिवाली 2026 में रिलीज होने की संभावना है। आदित्य का अगला प्रोजेक्ट 'रक्त ब्रह्मांड' दूसरी ओर, आदित्य रॉय कपूर जल्द ही वेब सीरीज 'रक्त ब्रह्मांडः द ब्लडी किंगडम' में दिखाई देंगे। इसे राज एंड डीके बना रहे हैं। इस सीरीज में उनके साथ सामंथा रुथ प्रभु और अली फजल भी होंगे। यह एक फंतासी एक्शन सीरीज है, जिसकी कहानी एक काल्पनिक साम्राज्य के इर्द-गिर्द बुनी गई है।

**संजय कपूर के संपत्ति विवाद पर मां-बहू और बच्चों में लड़ाई, सुप्रीम कोर्ट की सलाह**

# 80 की उम्र लड़ने की नहीं, मामला आपस में सुलझाएं

एक्ट्रेस करिश्मा कपूर के पूर्व पति और दिवंगत इंडस्ट्रियलिस्ट संजय कपूर की करीब 30 हजार करोड़ रुपए की संपत्ति का विवाद सुप्रीम कोर्ट में है। सोमवार को मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने संजय की 80 साल की मां रानी कपूर को सलाह दी कि वे लंबी कानूनी लड़ाई के बजाय आपसी बातचीत (मिडिएशन) से मामला सुलझाएं।





जस्टिस जेबी पारदीवाला की बेंच ने टिप्पणी की, ₹यह मुकदमा 80 साल की उम्र में शुरू हुआ है... यह लड़ने की उम्र नहीं है।₹

कोर्ट ने कहा- लंबी चलेगी कानूनी लड़ाई सुप्रीम कोर्ट ने रानी कपूर की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि इस मामले में कई पक्ष और बड़ी संपत्ति शामिल है, इसलिए यह कानूनी लड़ाई काफी लंबी खिंच सकती है। बेंच ने सुझाव दिया कि सभी पक्षों के लिए यही बेहतर होगा कि वे मिडिएशन के जरिए शांति से कोई रास्ता निकालें। हालांकि, कोर्ट ने यह भी साफ किया कि वे मामले को मेरिट के आधार पर भी सुनेंगे, लेकिन पहली प्राथमिकता आपसी समझौते को देंगे। इस मामले पर अगली सुनवाई अगले हफ्ते होगी।

मां ने बहू पर लगाया धोखाधड़ी का आरोप रानी कपूर ने दिल्ली हाई कोर्ट के उस आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है, जिसमें उन्हें अंतरिम सुरक्षा देने से मना कर दिया गया था। रानी का आरोप है कि उन्हें उनकी पूरी विरासत, घर और संपत्ति से बेदखल कर दिया गया है। उन्होंने अपनी याचिका में कहा कि साल 2017 में ब्रेन स्ट्रोक आने के बाद उनके बेटे संजय कपूर और बहू प्रिया कपूर ने उनकी बीमारी का फायदा उठाया। आरोप है कि उनसे सादे कागजों पर साइन कराकर एक फैमिली ट्रस्ट बनाया गया और उनकी जानकारी के बिना संपत्ति ट्रस्ट के नाम कर दी गई।

2025 में हुई थी संजय कपूर की मौत यह पूरा विवाद पिछले साल जून में संजय कपूर की मौत के बाद और गहरा गया। 53 साल के संजय कपूर की इंग्लैंड में एक पोलो मैच के दौरान कार्डियक अरेस्ट से मौत हो गई थी। रानी कपूर का कहना है कि बेटे की मौत के बाद उनकी तीसरी पत्नी प्रिया कपूर ने पूरी ग्रुप कंपनियों पर नियंत्रण कर लिया और उन्हें संपत्ति में कोई हिस्सा नहीं दिया। रानी कपूर अब अपनी संपत्ति और घर को सुरक्षित करने के लिए कानूनी सुरक्षा मांग रही हैं।

करिश्मा कपूर के बच्चों का भी है दावा संजय कपूर की विरासत को लेकर यह लड़ाई सिर्फ मां और बहू के बीच नहीं है। इसमें बॉलीवुड एक्ट्रेस करिश्मा कपूर के बच्चे - समायरा और कियान भी शामिल हैं। संजय और करिश्मा के बच्चों ने संजय की उस वसीयत (ह्व'') को चुनौती दी है, जिसमें संपत्ति का बड़ा हिस्सा प्रिया कपूर और उनके बच्चों के नाम किया गया है।

बच्चों का आरोप है कि यह वसीयत फर्जी हो सकती है और इसमें परिवार के अन्य नजदीकी रिश्तेदारों को जानबूझकर बाहर रखा गया है।

## पाटीदार के कैच पर विवाद, अंपायर से नाखुश दिखे कोहली

# भुवनेश्वर कुमार के टी-20 क्रिकेट में 350 विकेट

### गुजरात का दूसरा सबसे तेज रनचेज

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ अहमदाबाद

गुजरात टाइटंस ने आईपीएल 2026 में गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 4 विकेट से हरा दिया। अहमदाबाद में खेले गए इस मैच में गुजरात ने 25 गेंद रहते 156 रन का टारगेट हासिल किया।

यह आईपीएल में गुजरात का दूसरा सबसे तेज रनचेज है। भुवनेश्वर कुमार टी20 में 350 विकेट पूरे करने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज बने। फ्लइ की पारी के दौरान रजत पाटीदार के कैच को लेकर विराट कोहली अंपयार से बहस करते दिखे।



**भुवनेश्वर कुमार ने टी-20 क्रिकेट में 350 विकेट पूरे किए-** बेंगलुरु के गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने पुरुष टी-20 क्रिकेट में अपने 350 विकेट पूरे कर लिए हैं। वे ऐसा करने वाले दूसरे भारतीय गेंदबाज बन गए हैं। भुवी से पहले युजवेंद्र चहल यह कारनामा कर चुके हैं। चहल 391 विकेट के साथ टॉप पर हैं। भुवी ने बुमराह और अश्विन जैसे दिग्गजों को पीछे छोड़ते हुए यह उपलब्धि हासिल की।

**गुजरात का दूसरा सबसे तेज रन चेज-** गुजरात टाइटंस ने गुरुवार को आरसीबी के खिलाफ 25 गेंद रहते जीत दर्ज की। यह गुजरात के इतिहास का दूसरा सबसे तेज रनचेज है। सबसे ज्यादा गेंद रहते उनकी सबसे बड़ी जीत 2023 में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आई थी। तब टीम ने 37 गेंद रहते टारगेट हासिल किया था।

**कोहली ने रबाडा के ओवर में लगातार 5 चौके मारे-** विराट कोहली ने गुजरात के खिलाफ एक ओवर में 5 चौके मारे। उन्होंने कगिसो रबाडा पहली गेंद से ही प्रहार किया। उन्होंने पहली गेंद को मिडविकेट, दूसरी को मिड ऑफ, तीसरी को डिप प्वाइंट पर चौका जड़ा। चौथी गेंद को थर्ड मैन और पांचवी गेंद को कवर पर चार रन के लिए भेजा।

**पाटीदार के कैच पर अंपायर के फैसले से नाराज दिखे कोहली-** बेंगलुरु की पारी के 8वें ओवर में हाई-वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। अरशद खान के ओवर की चौथी गेंद पर रजत पाटीदार ने पुल शॉट खेला। गेंद डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग की ओर गई, जहां जेसन होल्डर ने डाइव लगाकर शानदार कैच पकड़ा। इस दौरान डग आउट पर बैठे विराट कोहली अंपायर के फैसले से नाराज दिखे। उनका मानना था कि कैच क्लीन नहीं है। हालांकि थर्ड अंपायर ने रिप्ले देखकर आउट दिया था।

**वेंकटेश अय्यर को कोहनी पर गेंद लगी-** 18वें ओवर में अरशद खान की तीखी शॉर्ट पिच गेंद वेंकटेश अय्यर की कोहनी पर जा लगी। इसके बाद वह काफी दर्द में नजर आए। अय्यर पुल शॉट मारने की कोशिश में जल्दी बल्ला घुमा बैठे और गेंद सीधे उनकी कोहनी पर जा लगी। फिजियो को तुरंत मैदान पर आना पड़ा। हालांकि अय्यर ने बल्लेबाजी जारी रखी।

**बेंगलुरु की पारी में 23 गेंद बाद लगी बाउंड्री-** बेंगलुरु की पारी के दौरान 14 से 18 ओवर के बीच 23 गेंद तक कोई बाउंड्री नहीं लगी। आखिरकार 18वें ओवर में अरशद खान की चौथी गेंद पर चौका लगाकर भुवनेश्वर कुमार ने बाउंड्री का सूखा खत्म किया। इससे पहले 14वें ओवर में राशिद खान की चौथी गेंद पर रोमारियो शेफर्ड ने छक्का लगाया था।

**रनआउट से सिमटी बेंगलुरु की पारी-** पहली पारी के 20वें ओवर में बेंगलुरू ऑलआउट हो गई। ओवर की दूसरी गेंद पर रनआउट के जरिए टीम इस सीजन पहली बार ऑलआउट हुई। अरशद खान की गेंद पर जोश हेडलवुड ने पुश कर सिंगल चुराने की कोशिश की, लेकिन शुभमन गिल ने डायरेक्ट थ्रो पर स्टंप बिखेर दी।

**गिल ने हेजलवुड के ओवर में 24 रन बनाए-** गुजरात की पारी के दूसरे ओवर में शुभमन गिल ने 24 रन बना दिए। उन्होंने हेजलवुड के इस ओवर में 3 चौके और 2 छक्के जड़े। गिल ने पहली, दूसरी गेंद पर चौका लगाया। चौथी गेंद पर छक्का और पांचवी गेद पर चौका जड़ा। फिर डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग के ऊपर से छक्का लगा ओवर खत्म किया।

**जितेश शर्मा ने बटलर का कैच छोड़ा-** दूसरी पारी के चौथे ओवर में जोश बटलर का कैच छूटा। जोश हेजलवुड ने ओवर की 5वीं गेंद शॉर्ट डाली। बटलर ने स्कूप मारना चाहा, लेकिन गेंद ग्लव्स से लगकर पीछे गई। कीपर जितेश शर्मा ने अपने दाईं ओर डाइव लगाकर एक हाथ से कैच पकड़ने की कोशिश की, पर गेंद छिटक गई।

## सूर्यवंशी टी-20 में सबसे तेज 100-सिक्स लगाने की दहलीज पर



### आईपीएल में आज राजस्थान-दिल्ली, सीजन में पहली बार भिड़ंत

**ब्रह्मास्त्र** ▸▸ जयपुर

आईपीएल 2026 का 43वां मैच राजस्थान रॉयल्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला जाएगा। मुकाबला जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में शाम 7:30 बजे से होगा।

दोनों टीमों के बीच यह इस सीजन की पहली टक्कर होगी। राजस्थान के वैभव सूर्यवंशी टी-20 में सबसे तेज 100 सिक्स के करीब हैं। उन्होंने 27 पारियों में 511 गेंदों पर 99 सिक्स लगाए हैं। यह रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के कीरोन पोलॉर्ड के नाम है, जिन्होंने 843 गेंदों में 100 छक्के पूरे किए थे। इसके अलावा, सूर्यवंशी आईपीएल 2026 में 167 गेंदों में सबसे तेज 400 रन का रिकॉर्ड बना चुके हैं। राजस्थान 9 मैच में 6 जीत और 3 हार के साथ पॉइंट्स टेबल में चौथे स्थान पर हैं। वहीं दिल्ली 8 मैच में 3 जीत और 5 हार के साथ 7वें पायदान पर हैं।

**राजस्थान ने 15 मैच जीते-** आईपीएल में दोनों टीमों के बीच 30 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें राजस्थान ने 15 मैच जीते, जबकि दिल्ली को 14 जीत मिली है। एक मुकाबला टाई रहा, जिसे सुपर ओवर में दिल्ली ने जीता था।

**वैभव 400 रन बना चुके-** राजस्थान के लिए इस सीजन में वैभव सूर्यवंशी ने 9 मैचों में 400 रन बनाए हैं, जिसमें 1 शतक और 2 अर्धशतक शामिल हैं। उनका स्ट्राइक रेट 238.09 टीम को तेज शुरूआत दिला रहा है। गेंदबाजी में जोफ्रा आर्चर अहम भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने 9 मैचों में 14 विकेट लिए हैं, 3/20 उनका बेस्ट प्रदर्शन रहा है।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी
द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन,
पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन,
महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे
कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









सुधारों के दम पर

## 90 अरब डॉलर के पार पहुंचेगा एफडीआई




### तेज आर्थिक वृद्धि से विदेशी निवेशकों का भरोसा मजबूत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

भारत में एफडीआई 2025-26 में 90 अरब डॉलर के पार पहुंचने की संभावना है। डीपीआईआईटी के अनुसार, नीतिगत सुधारों और तेज आर्थिक वृद्धि से विदेशी निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़कर 90 अरब डॉलर के पार पहुंच सकता है। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव अमरदीप सिंह भाटिया ने कहा, अप्रैल, 2025 से फरवरी, 2026 के दौरान देश में कुल 88 अरब डॉलर से अधिक का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आया है। इससे पूरे वित्त वर्ष के लिए सकारात्मक संकेत मिल रहे हैं। इस अवधि में देश में शुद्ध एफडीआई बढ़कर 6.26 अरब डॉलर हो गया है, जबकि 2024-25 में यह 80.61 अरब डॉलर था। भाटिया ने कहा, सरकार की ओर से निवेश आकर्षित करने के लिए किए गए नीतिगत सुधारों, विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों और तेज आर्थिक वृद्धि ने भारत पर विदेशी निवेशकों का भरोसा मजबूत किया है। इन कारकों के चलते भारत वैश्विक निवेश के लिए आकर्षक गंतव्य के रूप में उभरा है।

**इन्वेस्ट इंडिया से 6.1 अरब डॉलर के प्रोजेक्ट-** राष्ट्रीय निवेश प्रोत्साहन एजेंसी इन्वेस्ट इंडिया ने 2025-26 में 6.1 अरब डॉलर से अधिक के 60 प्रोजेक्ट हासिल करने में मदद की है। ये निवेश 14 राज्यों में फैले हैं और इससे 31,000 से ज्यादा रोजगार सृजन की संभावना है। कुल निवेश का करीब 42 फीसदी यूरोपीय देशों से आया है, जबकि अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया से भी निवेश बढ़ा है।

भारत ने 25 लाख टन अतिरिक्त गेहूं निर्यात को दी मंजूरी

# मजबूत स्टॉक और बंपर पैदावार ने आसान की राह



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत सरकार ने 25 लाख टन अतिरिक्त गेहूं निर्यात को मंजूरी दे दी है। मजबूत स्टॉक और बंपर पैदावार के बीच इस बड़े फैसले से जुड़ी पूरी खबर और कृषि क्षेत्र पर इसके प्रभाव की विस्तृत जानकारी के लिए पढ़ें।

वाणिज्य मंत्रालय के तहत काम करने वाले विदेश व्यापार महानिदेशालय ने देश से 25 लाख टन अतिरिक्त गेहूं के निर्यात की अनुमति देने के सरकार के फैसले को आधिकारिक तौर पर अधिसूचित कर दिया है। केंद्र सरकार ने 20 अप्रैल को देश में गेहूं के पर्याप्त स्टॉक और आगामी रबी सीजन में एक और मजबूत पैदावार की संभावनाओं को देखते हुए यह महत्वपूर्ण फैसला लिया था।

**निर्यात का बढ़ता दायरा और कुल आंकड़े-** इस नई खेप की मंजूरी मिलने के बाद, देश से अब तक कुल 50 लाख टन गेहूं और 10 लाख टन गेहूं उत्पादों के निर्यात को हरी झंडी मिल चुकी है। गौरतलब है कि सरकार ने इससे पहले इसी साल जनवरी महीने में 5 लाख टन गेहूं उत्पादों के निर्यात की अनुमति दी थी। इसके बाद, फरवरी में अतिरिक्त 5 लाख टन गेहूं उत्पादों और 25 लाख टन गेहूं को निर्यात के लिए मंजूर किया गया था।

### नीतिगत स्थिति और डीजीएफटी की अधिसूचना

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने अपनी हालिया अधिसूचना में नीतिगत स्थिति को साफ करते हुए कहा है, ⧣गेहूं की निर्यात नीति... प्रतिबंधित बनी हुई है। हालांकि, अतिरिक्त 25 लाख मीट्रिक टन गेहूं के निर्यात की अनुमति दी जाती है⧣। महानिदेशालय ने यह भी साफ किया है कि इस निर्यात के लिए विस्तृत नियम और प्रक्रियाएं एक अलग आदेश के जरिए जल्द ही अधिसूचित की जाएंगी। इसके अलावा, सरकार ने 13 मई, 2022 को जारी की गई अपनी पुरानी नीतिगत शर्त को भी बरकरार रखा है। इस शर्त के मुताबिक:

भारत सरकार अन्य देशों को उनकी खाद्य सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए गेहूं निर्यात की अनुमति दे सकती है।

यह निर्यात संबंधित देशों की सरकारों के विशेष अनुरोध और भारत सरकार की मंजूरी के आधार पर किया जाएगा।

सबसे अहम बात यह है कि खाद्य सुरक्षा के तहत किया जाने वाला यह निर्यात, वर्तमान में मंजूर किए गए 25 लाख मीट्रिक टन के कोटे से अलग होगा।

### कृषि उत्पादन और बंपर पैदावार का असर

निर्यात नीतियों में इस ढील के पीछे कृषि क्षेत्र के उत्साहजनक आंकड़े एक बड़ा कारण हैं। कृषि मंत्रालय द्वारा जारी किए गए दूसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार: फसल वर्ष 2025-26 (जुलाई-जून) के लिए देश का कुल गेहूं उत्पादन 120.2 मिलियन टन रहने का अनुमान है। उत्पादन में इस बढ़ोतरी का मुख्य कारण बुवाई के रकबे में हुआ इजाफा है। साल 2026 के रबी सीजन के दौरान गेहूं की बुवाई का रकबा बढ़कर 33.41 मिलियन हेक्टेयर हो गया है, जो कि एक साल पहले की समान अवधि में 32.80 मिलियन हेक्टेयर था।

### आगे की राह

कुल मिलाकर, रबी सीजन में बढ़े हुए रकबे और 120.2 मिलियन टन उत्पादन के अनुमान ने घरेलू बाजार में अनाज की उपलब्धता को लेकर सरकार का भरोसा बढ़ाया है। एक तरफ जहां देश का अपना खाद्य भंडार सुरक्षित स्थिति में है, वहीं दूसरी तरफ इस अतिरिक्त निर्यात मंजूरी से वैश्विक बाजार में भी भारतीय गेहूं की उपस्थिति मजबूत होगी और जरूरतमंद देशों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने में भारत की भूमिका बनी रहेगी।

इस तारीख से दोहा के लिए

## उड़ानें शुरू करेंगी भारतीय एयरलाइंस, दूतावास ने चेतावनी भी जारी की




ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

पश्चिम एशिया संकट के बीच एक राहत की खबर सामने आई है। दरअसल भारतीय एयरलाइंस जल्द ही दोहा के लिए उड़ान सेवाएं शुरू करने वाली हैं। भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए यह जानकारी दी है। पश्चिम एशिया संकट के बीच एक अच्छी खबर सामने आई है। दरअसल भारत की प्रमुख एयरलाइंस 1 मई से दोहा के हमद इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पूर्ण स्तर पर परिचालन बहाल करने की तैयारी कर रही हैं। यह पश्चिम एशिया क्षेत्र में हवाई संपर्क के सामान्य होने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। 28 फरवरी को शुरू हुए अमेरिका-इस्राइल के ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान के दो महीने बाद यह सेवाएं फिर शुरू हो रही हैं।

**दूतावास ने सोशल मीडिया पोस्ट में क्या लिखा-** भारत की तीन प्रमुख एयरलाइंस एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस और इंडिगो द्वारा दोहा के लिए उड़ानें शुरू करने की उम्मीद है, जो दोहा को भारत के कई प्रमुख महानगरों और क्षेत्रीय केंद्रों से फिर जोड़ेंगी। दोहा स्थित भारतीय दूतावास ने सोशल साइट 'एक्स' पर जारी एक पोस्ट में कहा, 'जैसे-जैसे उड़ान संचालन का विस्तार जारी है, भारतीय एयरलाइंस हमद इंटरनेशनल एयरपोर्ट दोहा में अपनी सेवाएं फिर शुरू करने की योजना बना रही हैं। एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस और इंडिगो 1 मई से दोहा और भारत के विभिन्न गंतव्यों के बीच उड़ान सेवाएं फिर से शुरू करेंगी।'

**दूतावास ने चेतावनी भी दी-** भारतीय दूतावास ने यह भी बताया कि यह कदम वैश्विक विमानन प्राधिकरणों के समन्वित प्रयासों का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में परिचालन को स्थिर और सामान्य करना है। साथ ही, दूतावास ने चेतावनी दी कि उड़ान कार्यक्रम अभी भी समन्वय प्रक्रिया पर निर्भर हैं, जिससे पता चलता है कि सुरक्षा स्थिति अभी भी नाजुक बनी हुई है।

गोयल बोले- ब्रांडिंग व स्थानीय विनिर्माण पर जोर

# स्पोर्ट्स आईपीआर आवेदन पर तीन साल तक शुल्क माफ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली



खेल क्षेत्र में विनिर्माण और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने तीन साल तक स्पोर्ट्स से जुड़े बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) आवेदनों पर शुल्क पूरी तरह माफ कर दिया है।

भारत में खेल क्षेत्र से जुड़े नवाचार और विनिर्माण को नई रफ्तार देने के लिए केंद्र सरकार ने एक बड़ा रणनीतिक कदम उठाया है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को घोषणा की है कि खेल क्षेत्र से जुड़े बौद्धिक संपदा अधिकारों (आईपीआर) जैसे पेटेंट, ट्रेडमार्क और डिजाइन के लिए आवेदन शुल्क को तीन साल के लिए पूरी तरह से माफ कर दिया जाएगा। सरकार का यह फैसला खेल उद्योग में व्यवसायीकरण और बौद्धिक संपदा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक अहम पहल माना जा रहा है।

**फैसले के मायने और वर्तमान शुल्क व्यवस्था-** पेटेंट, डिजाइन और ट्रेडमार्क महानियंत्रक कार्यालय द्वारा इस संबंध में जल्द ही एक आधिकारिक अधिसूचना जारी की जाएगी। वाणिज्य मंत्री के अनुसार, अब खेल से जुड़े किसी भी ट्रेडमार्क, कॉपीराइट, पेटेंट, डिजाइन, पारंपरिक ज्ञान या जीआई उत्पाद के पंजीकरण पर अगले तीन वर्षों तक कोई आवेदन शुल्क नहीं लगेगा। वर्तमान में यह शुल्क आवेदक की श्रेणी (जैसे- व्यक्ति, स्टार्टअप, छोटी या बड़ी कंपनी) के आधार पर 500 रुपये से लेकर 60,000 रुपये तक होता है। हालांकि, सरकार पहले से ही स्टार्टअप्स और व्यक्तियों को इसमें छूट प्रदान करती है, लेकिन खेल क्षेत्र के लिए की गई यह विशेष 100 प्रतिशत छूट उद्योग-व्यापी निवेश को प्रोत्साहित करेगी। यह घोषणा वाणिज्य मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले डीपीआईआईटी और उद्योग निकाय फिक्की द्वारा आयोजित 'वर्ल्ड आईपी डे 2026' कार्यक्रम के दौरान की गई।

**लीग की ब्रांडिंग और स्थानीय विनिर्माण पर फोकस-** वाणिज्य मंत्री ने खेल लीगों को अपने ट्रेडमार्क पंजीकृत कराने का विशेष सुझाव दिया है, जिससे उन्हें भविष्य में बेहतर मीडिया अधिकार प्राप्त करने और अपने उत्पादों की फ्रेंचाइजी देने में आसानी होगी। इसके साथ ही सरकार का मुख्य ध्यान देश में हॉकी स्टिक, गेंद और जिम उपकरण जैसे खेल सामानों के स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने पर है।

### कश्मीर को विशेष प्रोत्साहन और आगे की राह

स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने की इस मुहिम में सरकार ने जम्मू-कश्मीर को भी विशेष रूप से खेल उत्पादों के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने के लिए प्रोत्साहित किया है। गौरतलब है कि कश्मीर के मशहूर 'विलो बैट' को पहले ही भौगोलिक संकेत (जीआई) प्रमाणन प्राप्त हो चुका है। इस कार्यक्रम के दौरान मंत्री गोयल ने छह दशकों से अधिक समय में पहली बार रणजी ट्रॉफी जीतने वाली जम्मू-कश्मीर क्रिकेट टीम को भी सम्मानित किया, जिसने पारस डोगरा के नेतृत्व में शानदार प्रदर्शन करते हुए यह खिताबी जीत हासिल की थी। कुल मिलाकर, तीन साल के लिए आवेदन शुल्क माफी का यह कदम खेल उपकरण निमार्ताओं और नवोन्मेषकों के लिए एक नए और आत्मनिर्भर इकोसिस्टम का निर्माण करेगा, जिसके परिणामों की तीन साल बाद मंत्रालय द्वारा विस्तृत समीक्षा की जाएगी।

कंपनियों की बढ़ सकती है परेशानी

# इस्राइल-ईरान तनाव से भारत में एल्युमिनियम का संकट गहराया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष का असर भारत के पेय बाजार पर दिखने लगा है। एल्युमिनियम कैन की कमी के कारण कई लोकप्रिय कोल्ड ड्रिंक बाजार और क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म से गायब हो रही हैं। कोका-कोला और पेप्सी जैसी कंपनियां पश्चिम एशिया से कैन मंगाती थीं।

पश्चिम एशिया में जारी तनाव का असर अब भारत के रोजमर्रा के बाजार पर भी दिखने लगा है। भारत में बिकने वाली कई लोकप्रिय कैन वाली कोल्ड ड्रिंक अब दुकानों और क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म से गायब हो रही हैं। इसकी बड़ी वजह एल्युमिनियम कैन की कमी है। उद्योग से जुड़े लोगों का कहना है कि भारत की बड़ी कोला कंपनियां लंबे समय से पश्चिम एशिया के देशों से कैन मंगाती रही हैं, लेकिन मौजूदा संघर्ष के बाद सप्लाई चेन बुरी तरह प्रभावित हुई है। इससे बाजार में अचानक कमी देखने को मिल रही है।

**ग्राहकों पर इसका क्या असर पड़ा-** कैन वाली ड्रिंक्स पसंद करने वाले ग्राहकों को अब विकल्प तलाशने पड़ रहे हैं। कई लोग अब ढएळ बोतलों की तरफ जा रहे हैं। डाइट कोक की जगह लोग कोका-कोला जीरो शुगर खरीद रहे हैं। हेल्दी ड्रिंक्स और जूस की मांग भी बढ़ रही है। रिटेल स्टोर्स में भी कई ब्रांड्स की कैन उपलब्ध नहीं हैं।

### भारत में कैन की कमी कैसे?

- भारत में कई कंपनियां यूएई, बहरीन और कतर से एल्युमिनियम कैन मंगाती हैं।
- इन कंपनियों को सप्लाई देने वाली कैनपैक की पश्चिम एशिया स्थित यूनिट्स पर असर पड़ा।
- ईरान-अमेरिका युद्ध के बाद सप्लाई बाधित हुई।
- भारत में 330 एमएल कैन की उपलब्धता घटी।
- डाइट कोक जैसे कई उत्पाद बाजार में कम दिख रहे हैं।
- कई ऑनलाइन डिलीवरी ऐप्स पर भी स्टॉक खत्म दिख रहा है।
- बीयर कंपनियों पर असर कम क्यों है?


CORBETT COUNTY
BELVOIR REALTY
JIM CORBETT'S FIRST RERA-APPROVED RESIDENCES
CORBETT COUNTY
WHERE NATURE MEETS MODERN LIVING
MANAGED BY
BW Best Western Hotels & Resorts
VILLAS STARTING AT
₹1.40Cr
ONWARDS
Fully Furnished
Amenities
Jacuzzi
Club House
Lake
and 50+ More
NATURE AT YOUR DOORSTEP
SCENIC MOUNTAIN VIEWS
RERA-APPROVED & SECURE INVESTMENT
BAIL PARAO, NAINITAL UTTARAKHAND
Book Now- +91 85950 07767


सत्यमेव जयते
Ministry of
Ayush
Government of India
Eat Good
Feel Good
Include Ayurveda Aahara in your Meal
experience the change
Scan to
know more
moayush | ministryofayush | MinistryofAyushofficial

## अंतर ढूंढो...





## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 6 | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 2 | | | | 9 | | 7 | |
| 4 | | | 1 | 6 | | | | 2 |
| | | 8 | | | 2 | | 3 | |
| 1 | | 4 | | | | 2 | | 5 |
| | 3 | | 5 | | | 8 | | |
| 7 | | | | 9 | 5 | | | 3 |
| | 8 | | 6 | | | | 4 | |
| 6 | | 2 | | 7 | | 5 | | 1 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |

## वर्ग पहेली



### बाएं से दाएं

1. पैगंबर, खुदाई रहनुमा-2
4. कारगुजारी, करिश्मा-4
7. दौड़ना (अंग्रेजी-2)
8. पासे फेंक कर भविष्य जानने की विद्या-3
9. गहराई-2
10. राय, वोट-2
12. आलीशान, उदार-3
14. नकारना, इंकार करना-2, 3
15. चोरी करना-2, 3
17. राशन, खाद्य सामग्री-3
19. गन्ना-2
21. हर रोज, प्रतिदिन-2
23. वाद्य बजाने वाला-3
24. शारीरिक ऊंचाई-2
25. जहां ताजिए दफन करते हैं-4
26. महीन व मूल्यवान कपड़ा-4

### ऊपर से नीचे

1. हमेशा, हर पल, सदैव-4
2. जनता, लोक-2
3. द्रव पदार्थ-3
4. नागपुर के पास का एक कस्बा जहां जापान के सहयोग से भव्य बौद्ध मंदिर बना है-4
5. और, एवं-2
6. मन भटकाना-4
11. झगड़ा, कहासुनी-4
13. कोमलता-4
14. राजी करना-3
15. सहखिलाड़ी-4
16. चौकीदार, प्रहरी-4
18. कीचड़-4
20. नगद राशि-3
22. पानी से सराबोर-2
24. थोड़ा, जरा-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 145 | | 31 | | 32 | | 50 | = | 94 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 60 | | 30 | | 20 | | 25 | = | 25 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 44 | | 24 | | 15 | = | 15 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 10 | | 5 | | 40 | | 15 | = | 25 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 45 | | 40 | | 36 | | 25 | = | 59 / 16 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सु | रा | मा | त | र | र | अ | ट | गु | क | वि |
| दी | बी | सू | ह | क्स | ल | जी | दि | ल | को | ज |
| वा | र | ल | द | अं | त | त | मा | मो | ल | य |
| सं | वि | दा | ज्ञा | ल | क | वा | हा | ह | व | म |
| ट | ज | न | प | व | म | है | डी. | म्म | री | चैं |
| दि | य | य | स | जि | स्क | क | इ | द | म | ट |
| ने | ह | बु | मां | या | म | र | ह | र | जा | श |
| श | जा | व | ला | ज | र | सौ | डी. | ट | फ | धी |
| मों | रे | त | सू | ह | रे | दा | बे | जे. | र | र |
| शि | ल | च | त्त | र | ट | क | वें | न | गां | थ |
| या | र | म | न | लां | वा | इ | र | म्हे | ह | धी |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | | 3 | 5 | 1 | |
| 2 | 32 | 4 | 39 | 7 | 34 | 4 |
| | 1 | | 4 | | 5 | 2 |
| | 30 | 3 | 38 | 6 | 31 | |
| 1 | 2 | | 6 | | 7 | |
| 3 | 27 | 2 | 25 | 1 | 31 | |
| | 6 | 1 | 4 | | 3 | 5 |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...



## रंग भरकर चित्र बनाओ






405, शगुन टॉवर अपना स्वीट्स, विजय नगर इंदौर
गूंजन श्रीवास्तव 98263 96368

■ वर्ष-12 अंक-177 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, शुक्रवासरः 01 मई, 2026

### सुभाषितानि

विद्वत्वं दक्षता शीलं सङ्क्रान्तिरनुशीलनम्।
शिक्षकस्य गुणाः सप्त सचेतस्त्वं प्रसन्नता।।

**भावार्थ** : ज्ञानवान, निपुणता, विनम्रता, पुण्यात्मा, मनन चिंतन हमेशा सचेत और प्रसन्न रहना ये सात शिक्षक के गुण है।

गुरौ न प्राप्यते यत्तन्नान्यत्रापि हि लभ्यते।
गुरुप्रसादात सर्व तु प्राप्नोत्येव न संशयः।।

**भावार्थ** : गुरु के द्वारा जो प्राप्त नहीं होता, वह अन्यत्र भी नहीं मिलता। गुरु कृपा से निस्संदेह (मनुष्य) सभी कुछ प्राप्त कर ही लेता है।

## सम्पादकीयम्

### होर्मुज् जलसन्धिः

होर्मुज्-जलसन्धिः पुनः उद्घाटितः भवति चेत् खाड़ीयां शान्ति-चिह्नानि; अमेरिकी-ईरान-सम्झौता कायेर्षु अस्ति इराणस्य हुर्मुज् जलसन्धिं सवेर्षां वाणिज्यिकजहाजानां कृते उद्घाटयितुं निर्णयस्य अनन्तरं वैश्विकव्यापारे महती उन्नतिः अभवत्। एतेन अमेरिका-ईरान-तनावस्य न्यूनीकरणस्य, कूटनीतिक-सम्झौतेः सम्भावनायाः च आशाः वर्धिताः। इजरायल-लेबनान-देशयोः युद्धविरामः, तैलस्य पुनः प्रेषणस्य आरम्भः च सकारात्मकं वातावरणं पोषितवान्। परन्तु संघर्षेण कृतक्षतिकारणात अद्यापि तैलस्य उत्पादनं सामान्यस्तरं प्राप्तुं किञ्चित् समयः स्यात्। इरान्-देशस्य होर्मुज्-जलसन्धिं सर्वेभ्यः वाणिज्यिकजहाजेभ्यः पूर्णतया उद्घाटयितुं निर्णयः वैश्विकव्यापाराय महती राहतरूपेण आगच्छति। एतत् कदमम् अस्य संकीर्णस्य समुद्रीमार्गस्य परितः तनावानां निवारणं करिष्यति इति अपेक्षा अस्ति-ये तनावाः गतसार्धमासपर्यन्तं स्थापिताः सन्ति। इदानीं अमेरिकीपक्षतः निरन्तरं संकेताः प्राप्ताः यत् कूटनीतिकसम्झौता खलु सम्भवति इति। प्रमुखा बाधा निष्कासिता : होर्मुज् जलसन्धिः अमेरिका-ईरानयोः मध्ये स्थगितस्य कारणं यथा महत्त्वपूर्णं तथा तेहरानस्य परमाणुकार्यक्रमः एव उद्भूतः। जलसन्धिस्य विषयः वस्तुतः द्वयोः राष्ट्रयोः प्रथमचक्रस्य वातार्यां असफलतायाः पृष्ठे प्रमुखः योगदानकारकः आसीत्। अपि च, ताः प्रारम्भिकाः वातार्लापाः अविश्वासेन परिपूर्णे वातावरणे अभवन्।

महाराष्ट्रः बियार्णी खादितवान्, ततः तरबूजम्

## किञ्चित्कालानन्तरं सम्पूर्णं परिवारं नष्टं भवति—४ मृत्योः आतङ्कं जनयति



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

मुम्बई-नगरस्य पायडोनी-क्षेत्रे-स्वप्ननगरम्-एकस्य परिवारस्य चत्वारः सदस्याः संदिग्धपरिस्थितौ मृताः। एषा घटना सम्पूर्णे स्थानीये आघाततरङ्गाः प्रेषितवती अस्ति। पायदोनीमण्डलस्य अन्तः घाटीगल्लीनगरे स्थिते मुगलभवने एषा दुःखदघटना अभवत्।

पुलिस-अधिकारिणः अवदन् यत् एप्रिल-मासस्य २५ दिनाङ्के शनिवासरे रात्रौ १०:३० वादनस्य समीपे कुलम् नव परिवारजनाः एकत्र भोजनं कृतवन्तः। भोजनानन्तरं बन्धुजनाः स्वस्वगृहं प्रत्यागतवन्तः। तस्याः रात्रौ पश्चात्-प्रायः प्रातः १:०० वादनतः प्रातः १:३० वादनपर्यन्तं--- समीपपरिवारस्य चत्वारः मृताः सदस्याः तरबूजस्य सेवनं कृतवन्तः। तदनन्तरं प्रातः यावत् चतुर्णां व्यक्तिनां स्वास्थ्यं सहसा क्षीणं जातम्।

प्रारम्भिकसूचनानुसारं मृताः परिवारजनाः रात्रिभोजसमये अन्यैः सह सर्वैः सह बिरयानी खादितवन्तः, तदनन्तरं तरबूजं खादितवन्तः आसन्। ततः किञ्चित्कालानन्तरं सवेर्षां परिवारजनानाम् आरोग्यस्य क्षयः आरब्धः। प्रारम्भे अयं प्रकरणः अन्नविषस्य शङ्कितः उदाहरणरूपेण व्यवह्रियते। मृतस्य ज्ञातयः अवदन् यत् शनिवासरे रात्रौ चत्वारः व्यक्तिः एकत्र भोजनं कृतवन्तः, परदिनपर्यन्तं तेषां वमनं अतिसार इत्यादीनि लक्षणानि अनुभवितुं आरब्धानि तदनन्तरं तान् वैद्यस्य समीपं नीताः, यः तान् जे जे-अस्पतालं प्रति परिवहनं कर्तुं सल्लाहं दत्तवान्।

चिकित्साकाले चत्वारः अपि मृताः मृतानां अब्दुल्ला डोकाडिया (४०), नस्रीन डोकाडिया (३५), ऐशा (१६), जैनब (१३) इति ज्ञातम् अस्ति। तेषां स्वास्थ्यस्य क्षयस्य अनन्तरं चत्वारः अपि तत्क्षणमेव चिकित्सालये प्रवेशं प्राप्तवन्तः; तथापि ते सर्वे चिकित्सां कुर्वन्तः एव स्वर्गं गतवन्तः।

पोस्ट-मार्टम रिपोर्ट् प्रतीक्षा अन्नस्य सेवनानन्तरं चतुर्णां व्यक्तिनां वमनं, चक्करः, उदर-वेदना इत्यादीनि लक्षणानि अनुभवितुं आरब्धानि इति पुलिसैः ज्ञापितम् रविवासरे तेषां स्थितिः अधिकं दुर्गता अभवत्। अस्य विषये सम्यक अन्वेषणं आरब्धम् अस्ति। उपभोक्तस्य आहारस्य नमूनानि न्यायिकविश्लेषणार्थं प्रेषितानि सन्ति, परितः क्षेत्रस्य सीसीटीवी-दृश्यानि अपि परीक्षितानि सन्ति। मृत्योः पश्चात् एव मृत्युकारणं स्पष्टं भविष्यति इति अधिकारिणः वदन्ति।

मन्दिरप्रशासनं प्रसाद

## आध्यात्मिकसमृद्धेः पार्श्वे भक्ताः स्वास्थ्यलाभाः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अस्य कृते उच्चगुणवत्तायुक्तं बोर्डं, टुकड़े टुकड़े च कागदं च उपयुज्यते येन लड्डू विस्तारितावधिपर्यन्तं ताजाः सुरक्षिताः च तिष्ठन्ति। सम्प्रति मन्दिरे बेसन (ग्राम आटा) लड्डू प्रतिकिलोग्रामं ४०० दरेन उपलभ्यन्ते, यदा तु प्रसाद भक्तेभ्यः ५०, १००, २००, तथा ४०० मूल्येषु पैकेट्-रूपेण प्रदत्तं भवति। रागी (अङ्गुली बाजरा) लड्डू अपि अधुना भक्तानां मध्ये महत्त्वपूर्णं लोकप्रियतां प्राप्नोति।

मन्दिरसमित्या दीपावली २०२५ तः आरभ्य रागी लड्डूज प्रसाद इति रूपेण प्रवर्तयितवती—एषा उपक्रमः यस्याः भक्तानां सकारात्मकप्रतिक्रिया प्राप्ता अस्ति। रागी स्वास्थ्याय अत्यन्तं लाभप्रदं मन्यते। अस्मिन् कैल्शियम, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस् च समृद्धम् अस्ति---अस्थीनां सुदृढीकरणे सहायकाः पोषकाः। अपि च, रागी सेवनेन रक्तचापस्य, रक्तशर्करायाः स्तरस्य च नियन्त्रणे सहायकं भवति, रक्ताल्पता-निवारणे अपि सहायकं भवितुम् अर्हति। अत एव मन्दिरप्रशासनं प्रसाद इति प्रचारयति—आध्यात्मिकसमृद्धेः पार्श्वे भक्ताः स्वास्थ्यलाभाः अपि प्राप्नुवन्ति इति सुनिश्चित्य।

महाकालमन्दिरस्य लड्डू निमार्णे प्रौद्योगिक्याः एषः नवीनः प्रयोगः परम्परायाः आधुनिकतायाः च अद्वितीयः मिश्रणः भविष्यति इति प्रतिज्ञां करोति। यद्यपि यन्त्राणां उपयोगेन उत्पादनक्षमता गुणवत्ता च वर्धते इति निःसंदेहं तथापि धार्मिकश्रद्धायाः शुद्धतायाः च मूलसिद्धान्ताः पूर्णतया सुरक्षिताः भविष्यन्ति भविष्ये एषा उपक्रमः अन्येषां प्रमुखमन्दिराणां कृते आदर्शरूपेण कार्यं कर्तुं शक्नोति ये नित्यं वर्धमानानाम् भक्तानां भोजनस्य आव्हानस्य सामनां कुर्वन्ति।

## यात्रिकाणां सुविधां मनसि कृत्वा विशेषरेलयानानां संचालनं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जबलपुर

सम्पूर्णा बिना-कटनी तृतीयरेखापरियोजना (२५९ कि.मी.) जनवरी २०२६ तमे वर्षे सम्पन्ना अभवत्। तथापि रीवा-सतना डबलिंग परियोजनायाः (५० कि.मी.) विषये एकमात्रः अवशिष्टः रेलखण्डः-हिनौता रामवान्-तुकीमार्गः (०९ कि.मी.)-जून २०२६ यावत् सम्पन्नः भवितुम् अर्हति। तदतिरिक्तं इतरसी-मानिकपुरखण्डे स्वीकृतस्य तृतीयरेखापरियोजनायाः सर्वेक्षणं निर्धारितम् अस्ति अन्तिमपदेषु अस्ति; एकदा एतत् सर्वेक्षणं समाप्तं जातं चेत निर्माणकार्यं महता वेगेन आरभ्यते। अन्येषु अनुमोदितपरियोजनासु बीना-भोपाल-इटारसीचतुर्थरेखायाः भू-अधिग्रहणप्रक्रिया सम्प्रति प्रचलति। यात्रिकाणां सुविधां मनसि कृत्वा विशेषरेलयानानां संचालनं, स्वच्छतायाः चालनं, भोजनव्यवस्थायाः उन्नतिः, स्टेशनपरिसरस्य उन्नयनं, सौन्दर्यीकरणं च इत्यादीनि उपक्रमाः निरन्तरं क्रियन्ते अपि च भविष्ये अपि नूतनानि मापदण्डानि निर्धारयितुं सर्वप्रयत्नाः क्रियन्ते।

## राशिफल

**मेष** : आपका दिन अच्छा रहेगा। पुराने विवाद सुलझने से राहत मिलेगी और लव लाइफ में भी चीजें बेहतर होंगी।

**वृषभ** : आपका दिन सकारात्मक रहेगा। ऑफिस में प्रदर्शन शानदार रहेगा और कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है।

**मिथुन** : आपका दिन मिलाजुला रहेगा। ऑफिस में खुद को साबित करने का मौका मिलेगा, लेकिन आर्थिक मामलों में सावधानी रखें।

**कर्क** : रिश्तों में हल्की नोकझोंक हो सकती है, लेकिन समझदारी से सब ठीक हो जाएगा। काम में मेहनत करनी होगी।

**सिंह** : आपका दिन अच्छा और अवसरों से भरा रहेगा। नया काम शुरू करने का विचार सफल हो सकता है।

**कन्या** : आपका दिन सावधानी से चलने वाला रहेगा। काम में जल्दबाजी या बड़े फैसले लेने से बचें।

**तुला** : आपका दिन थोड़ा उतार-चढ़ाव भरा रह सकता है। धन वृद्धि के योग हैं, लेकिन खर्च भी बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** : आपका दिन प्रगति की ओर रहेगा। काम के सिलसिले में यात्रा का मौका मिल सकता है, नए काम की शुरूआत भी हो सकती है।

**धनु** : आपका दिन संभलकर चलने वाला रहेगा। पैसों को लेकर तनाव हो सकता है, इसलिए सोच-समझकर फैसले लें।

**मकर** : आपका दिन काम पर फोकस रखने वाला रहेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ रुकावटें आ सकती हैं, लेकिन मेहनत से आप संभाल लेंगे।

**कुंभ** : आपका दिन मिला-जुला रहेगा। खर्चों पर नियंत्रण रखें और वाणी पर संयम रखें। परिवार में उतार-चढ़ाव रह सकते हैं।

**मीन** : आपका दिन खुशियां लेकर आएगा। लव लाइफ में अच्छे मौके मिलेंगे और किसी खास व्यक्ति से मुलाकात हो सकती है।

## ज्योतिष/वास्तु

# 1 मई से इन राशि वालों की बदलेगी तकदीर, करियर-कारोबार में आएगा उछाल

बुध का अस्त होना कुछ राशियों के लिए विशेष रूप से लाभकारी हो सकता है। करियर-कारोबार में लाभ मिलने के योग हैं। ऐसे में आइए जानते हैं किन राशियों के लिए यह समय खास होने वाला है

ज्योतिष शास्त्र में बुध ग्रह को ग्रहों का राजकुमार कहा जाता है। वह बुद्धि, व्यापार, वाणी, तर्क और बेहतर संचार के कारक ग्रह के रूप में भी जाने जाते हैं। मान्यता है कि, बुध जब भी गोचर करते हैं, तो जातकों को इन सभी क्षेत्रों में लाभ मिलता है। परंतु उनका अस्त होना भी कुछ राशियों के लिए फलदायी साबित होता है। यही कारण है कि, बुध का मेष राशि में अस्त होना विशेष रूप से लाभकारी माना जा रहा है। बता दें, 1 मई 2026 को रात 11 बजकर 08 मिनट पर बुध मेष राशि में अस्त होने जा रहे हैं। इससे कुछ



राशियों के लिए यह समय नए अवसर और अप्रत्याशित लाभ भी लेकर आ सकता है। खासकर व्यापार, नेटवर्किंग और समझदारी से किए गए फैसले लाभ दिला सकते हैं। आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।

**कर्क राशि-** कर्क राशि वालों के लिए बुध आपके दशम भाव में अस्त होंगे। इससे कार्यक्षेत्र में आपके प्रयासों का परिणाम मिलेगा। धन लाभ की पूरी संभावना है। इस समय नौकरीपेशा लोगों को प्रमोशन की प्राप्ति हो सकती है। नए लोगों से मिलेंगे। धन लाभ होने की अधिक संभावनाएं हैं। व्यापार को आगे बढ़ाने की योजनाएं सफल होती दिखेंगी।

**सिंह राशि-** सिंह राशि के लिए बुध दूसरे और ग्यारहवें भाव के स्वामी होते हैं। अब आपके नवम भाव में बुध अस्त होने जा रहे हैं। ऐसे में धन लाभ से लेकर नए काम का प्रारंभ आप करेंगे। इस दौरान व्यापार में नए लोगों से संपर्क बनेंगे, जो भविष्य में लाभदायक साबित हो सकते हैं। सेहत में चल रही दिक्कतें दूर होती हुई नजर आएंगी। किसी यात्रा के भी योग बन सकते हैं, जो आपके लिए शुभ साबित होगी। व्यापार में लाभ होने से आपके आर्थिक मामलों में भी सुधार आएगा।

**मकर राशि-** मकर राशि वालों के लिए यह समय विशेष रहने वाला है। कला के क्षेत्र में आप आगे बढ़ेंगे। बुध के प्रभाव से आपको करियर और कारोबार में नए अवसर मिल सकते हैं। कोई नया वाहन आप खरीद सकते हैं। इस समय रुके हुए कार्य धीरे-धीरे पूरे होने लगेंगे। कोर्ट के मामलों से अब राहत मिलती दिखेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। कार्यक्षेत्र दोनों में संतुलन बनाकर चलना आपके लिए फायदेमंद रहेगा।

## खबर एक नजर...

### माधव क्लब रोड के रेस्टोरेंट में करंट लगने से कर्मचारी की मौत, काम के दौरान हुआ हादसा

**उज्जैन।** माधव क्लब रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में काम करने वाले युवक की करंट लगने से मौत हो गई। घटना बुधवार रात की बताई जा रही है, जब वह काम के दौरान हादसे का शिकार हो गया।नीलगंगा थाना पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान गोपाल पिता रामजी (उम्र 25 वर्ष), निवासी ग्राम गवड़ा पाल, उदयपुर के रूप में हुई है। वह उज्जैन में समतारा रेस्टोरेंट में काम करता था। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की। फिलहाल नीलगंगा थाना पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है, ताकि हादसे के कारणों का पता लगाया जा सके।

### तीन बदमाशों ने रोका, लूट की कोशिश नाकाम होने पर किया हमला

**उज्जैन।** देवासगेट के पीछे रेलवे ओवरब्रिज के पास बुधवार देर रात करीब डेढ़ बजे एक ऑटो चालक पर तीन बदमाशों ने हमला कर दिया। बदमाशों ने पहले उसे रोककर रुपए मांगे और मना करने पर चाकू से वार कर घायल कर दिया। देवासगेट थाना प्रभारी अनिला पाराशर के अनुसार, भेरूनाला निवासी हेमराज तम्बोली ऑटो चलाता है। वह रात में रेलवे ओवरब्रिज से गुजर रहा था, तभी पुल की सीढ़ियों के पास से तीन युवक आए और उसे रोक लिया। आरोपियों ने चाकू दिखाकर हेमराज से रुपए मांगे। जब उसने पैसे नहीं होने की बात कही, तो बदमाशों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और उस पर चाकू से कई वार कर दिए। घटना के बाद आरोपी सीढ़ियों के रास्ते फरार हो गए। घायल हेमराज को पुलिस ने तुरंत अस्पताल पहुंचाया। देवासगेट पुलिस ने जीरो पर प्रकरण दर्ज कर जांच के लिए मामला जीआरपी को सौंप दिया है। स्थानीय लोगों के अनुसार रेलवे ओवरब्रिज और आसपास का इलाका रात में सूनसान रहता है, जहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। इस कारण रात में लोगों का यहां से गुजरना असुरक्षित हो गया है।

### कलेक्टर श्री सिंह ने पर्यवेक्षक को निलंबित किया

**उज्जैन।** कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने गुरुवार को आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति व पोषण समिति की विशेष बैठक में पोषण अभियान की समीक्षा में अनुपस्थित पर्यवेक्षक श्रीमती प्रीति श्रीवास्तव का निलंबन करते हुए जिला समन्वयक श्री रोहित हिरवे की सेवा समाप्ति के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। साथ ही 13 बाल विकास परियोजना अधिकारियों की दो दो वेतन वृद्धि रोकने की कार्यवाही के लिए नोटिस जारी किया गया है। इनमें श्रीमती अर्चना दलाल, श्रीमती प्रीति कटारा, श्रीमती रीना सोलंकी, श्रीमती नीलम सेठिया, श्रीमती अनुपमा मंडावी, श्री मनोज जाट , श्री मुकेश वर्मा, सुश्री प्रियंका जायसवाल, श्रीमती ज्योत्सना दीक्षित, श्रीमती सुलोचना सेनी पर्यवेक्षक, श्रीमती प्रीति श्रीवास्तव,श्रीमती प्रेमलता ठाकुर पर्यवेक्षक , श्रीमती हितेश कुंवर पर्यवेक्षक के नाम शामिल हैं। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग दो बीएमओ डॉ शिवराज कौशल और डॉ श्री वर्मा के विरुद्ध सेवा पुस्तिका में प्रतिकूल टिप्पणी दर्ज करने के लिए भी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आदेशित किया गया है।कलेक्टर द्वारा आगामी समीक्षा बैठक के पूर्व लक्षित प्रगति सुनिश्चित करने हेतु समस्त अधिकारियों को मैदानी क्षेत्र में सुबह से पहुंचकर लगातार सुधार हेतु आदेशित किया है तथा सुधार न आने पर कठोर कार्यवाहीं की चेतावनी दी है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 256/3 | 269/7 |
| मेन बाजार | 388/9 | 340/7 |
| मिलन डे | 588/1 | 130/4 |
| मिलन नाइट | 570/2 | 289/9 |

2 3 6

## मोहन नगर क्षेत्र से मंडी गोदाम संचालन बना परेशानी का कारण

# निगम की व्यापारियों एवं मंडी प्रशासन से तनातनी

### पटिए लगाकर गाड़ियां भरने से निगम की संपत्ति को नुकसान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

कृषि उपज मंडी के मोहन नगर क्षेत्र में गोदाम के पिछले गेट से संचालन नगर निगम के लिए परेशानी का सबब बन रहा है। गोदाम संचालन से नगर निगम की संपत्ति को नुकसान होने के मामले सामने आ रहे हैं। इसे लेकर गुरूवार को कार्रवाई करने पहुंची नगर निगम की टीम एवं मंडी प्रशासन में तनातनी हुई है। निगम गैंग ने यहां लोडिंग अन लोडिंग के लिए बने स्ट्रक्चर जब्त किए हैं। मंडी प्रशासन ने कार्रवाई को गलत बताया है।

जानकारी के अनुसार, कृषि उपज मंडी से जुड़े कतिपय व्यापारी कथित रूप से मंडी परिसर में मोहन नगर क्षेत्र में बने गोदाम में पिछले दरवाजों से माल लाने ले जाने का काम करते हैं। इस गतिविधि से वहां बनाए गए नगर निगम के फूटपाथ एवं रैलिंग को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। साथ में मंडी के राजस्व को भी पिछला दरवाजा दिखाया जा रहा है। गुरूवार को अपरांह में इसे लेकर नगर निगम झोन अधिकारी सुनील जैन के साथ पहुंची टीम जब व्यापारियों के लोडिंग अन लोडिंग के स्ट्रक्चर जब्त करने पहुंची तो मंडी प्रशासन एवं व्यापारियों के साथ निगम टीम में तनातनी की स्थिति बन गई।




### रैलिंग पर पटिया लगाकर लोडिंग झ्रअनलोडिंग

गुरूवार को शिकायत मिलने पर नगर निगम की टीम ने कृषि उपज मंडी के पीछे मोहन नगर स्थित गोदामों पर पहुंची। जहां उन्हें कई अनियमितताएं सामने आई, नगर निगम द्वारा वहां पर फुटपाथ और रैलिंग का निर्माण किया गया है। व्यापारियों द्वारा उसके ऊपर से पटिए लगाकर गाड़ियां भरी जा रही हैं। जिसकी वजह से कई जगह रैलिंग उखड़ गई और कई जगह रैलिंग ढीली हो गई। जिसके चलते निगम टीम द्वारा पटिए जप्त कर चलानी कार्यवाही की गई और मंडी प्रशासन को इस संबंध में अवगत कराया गया।

### निगम अधिकारी के साथ अभद्रता-

नगर निगम की टीम जोनल अधिकारी सुनील जैन के साथ स्थल पर मोहन नगर क्षेत्र में गोदामों पर पहुंची थी। यहां पर व्यापारियों द्वारा उनके साथ अभद्रता की गई और कार्यवाही में बाधा पैदा की गई। निगम की और से मंडी परिसर से गोदाम संचालित करने की बात पर व्यापारी आक्रोशित हो गए और अभद्रता से कहा गया कि हम तो यहीं से करेंगे। निगम द्वारा चलानी कार्यवाही को लेकर व्यापारियों ने साफ कहा कि हम रुपए जमा नहीं करेंगे।

-बराबर निगम की शासकीय संपत्ति को नुकसान की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में कार्रवाई करने पर बाधा पैदा की गई। चालान बनाने पर अभद्र भाषा का उपयोग किया गया। मंडी के पिछले गेट को लेकर उप संचालक मंडी बोर्ड ने भी यहां बाउंड्रीवाल बनाने की सहमति दी है। इसके लिए निगम ने स्वीकृति कर वर्क आर्डर भी जारी किया है।

**-सुनील जैन, जोनल अधिकारी,नगर निगम, उज्जैन**

-निगम टीम व्यापारी के यहां कार्रवाई के लिए पहुंच गई। उनके पास रैलिंग तोडने एवं अन्य किसी बात का प्रमाण नहीं है मात्र शिकायत के स्तर पर कार्रवाई कर रहे थे। गोदाम के पिछले गेट सालों से चल रहे हैं। मंडी बोर्ड के आदेश की जानकारी मुझे नहीं हैं।

**-राजेश गोयल ,सचिव कृषि उपज मंडी समिति, उज्जैन**

## नीलगंगा पुलिस की कार्रवाई अवैध चाकू के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

### अलग-अलग मामलों में दबिश, आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत नीलगंगा थाना पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए अवैध खटकेदार चाकू के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर पश्चिम) गुरुप्रसाद पाराशर और नगर पुलिस अधीक्षक (माधवनगर) दीपिका शिंदे के निर्देशन में की गई। पुलिस को सर्कल भ्रमण और गश्त के दौरान मुखबिर से मिली सूचनाओं के आधार पर सफलता मिली।

पहला मामला 29 अप्रैल को नीलगंगा चौराहे का है, जहां हरिफाटक ब्रिज के नीचे एक संदिग्ध व्यक्ति के चाकू लेकर घूमने की सूचना मिली। पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी रमन मालवीय (29), निवासी एकता नगर को पकड़ा। तलाशी में उसके पास से अवैध चाकू बरामद हुआ।

दूसरे मामले में हनुमान नाका क्षेत्र से सूरज उर्फ बारिक (36), निवासी जबरन कॉलोनी को पकड़ा गया। वह वाकणकर ब्रिज के पास संदिग्ध हालत में घूम रहा था। उसके पास से भी चाकू जब्त किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी किसी वारदात की तैयारी में था।

दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया जारी है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत दें, ताकि अपराधों पर नियंत्रण रखा जा सके।

## सिंहस्थ महापर्व 2028 की तैयारियों को मजबूत करने के लिए पुलिस का टीओटी प्रशिक्षण कार्यक्रम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

आगामी सिंहस्थ महापर्व 2028 की तैयारियों को मजबूत करने के लिए उज्जैन पुलिस द्वारा आयोजित टीओटी (ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स) प्रशिक्षण कार्यक्रम का एक महत्वपूर्ण सत्र गुरुवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को व्यवहारिक और तकनीकी दोनों पहलुओं पर प्रशिक्षित किया गया।

प्रशिक्षण के पहले सत्र में सॉफ्ट स्किल्स प्रशिक्षक मेघा जेठवानी ने मानव व्यवहार विषय पर प्रस्तुति दी। उन्होंने भीड़ के मनोविज्ञान, आपात स्थिति में लोगों की प्रतिक्रिया और भीड़ प्रबंधन के प्रभावी तरीकों के बारे में सरल भाषा में जानकारी दी।

इसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुमन गुर्जर ने ध्यान (मेडिटेशन) सत्र कराया। इसमें



प्रतिभागियों को तनाव प्रबंधन और श्वास-प्रश्वास तकनीकों का अभ्यास कराया गया। साथ ही उन्होंने वीआईपी मूवमेंट और आवास व्यवस्था के दौरान सुरक्षा और समन्वय के जरूरी पहलुओं पर प्रकाश डाला।

अगले सत्र में सीएसपी नानाखेड़ा श्वेता गुप्ता ने वीआईपी रूट प्लानिंग और आवास प्रबंधन पर तकनीकी जानकारी दी। उन्होंने वीआईपी मूवमेंट के दौरान रूट तय करने, वैकल्पिक मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय की प्रक्रिया समझाई।

इसी क्रम में एडीसीपी इंदौर सीमा अलावा ने सिंहस्थ 2016 के अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बड़े आयोजनों में पुलिस के व्यवहार, संवाद कौशल, त्वरित निर्णय लेने की क्षमता और आम लोगों से बेहतर संचार के महत्व को बताया।

# न्यायालय ने पत्नी के हत्यारे पति को दिया आजीवन कारावास

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन न्यायालय विकास चैहान अपर सत्र न्यायाधीश के न्यायालय द्वारा दोषी दिनेष चैहान को धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास तथा कुल 5 हजार रुपय अर्थदण्ड से दण्डित किया।

मीडिया सेल प्रभारी कुलदीप सिंह भदौरिया ने दैनिक अवंतिका के कोर्ट प्रतिनिधि गुरु सचिन नागर को जानकारी मे बताया कि मृतक लीला के पुत्र हर्षित सिंह चैहान ने गवाह ने घटना से सबधित कहा की 3/21 राज रायल कालोनी दारू गोडाउन के पास में रहता हूं तथा पढाई कर रहा हूं। मेरे पापा दिनेश चैहान ने दो शादी की है। पहली पत्नि का नाम रेखा चैहान है जो राजीव नगर में रहती है व मेरी मम्मी लीला चैहान से दूसरी शादी करीबन 13-14 साल पहले की थी। मेरी मम्मी लीला चैहान ने भी दिनेश चैहान से दूसरी शादी की थी। मेरे वास्तविक पिता का नाम दिलीप सिंह बघेल नि0 सोनकच्छ है। दस्तावेजों में प्रारंभ से ही मेरे पिता का नाम दिनेश चौहान लिखा हुआ है। मेरे पापा दिनेश चैहान ने एक किराये का मकान वीरनगर में लिया है जिस पर बाजार से थोक में कपड़े लाकर कपड़े कटिंग का काम करते हैं। मेरी मम्मी लीला घर पर सिलाई का काम करती थी मेरी मम्मी लीला चैहान और मेरे पिता दिनेश चैहान दोनों के बीच अक्सर मेरे पापा दिनेश चैहान की पहली पत्नि रेखा चैहान से (तलाक) अलग होकर हमारे साथ रहने को लेकर झगडा होता रहता था पूर्व में भी एक बार इसी बात को लेकर पापा दिनेश चैहान ने मेरी मम्मी लीला चैहान को ईंट से मारा था जिसकी रिपोर्ट भी मैने व मम्मी ने थाने पर की थी। कल 11.05.22 को शाम करीबन 06-07 बजे के आसपास मम्मी और पापा का इसी बात को लेकर झगडा हुआ था । लडाई झगडा हौने के बाद दोनों नई टीव्हीएस एक्सेल मोपेट गाडी से रामघाट घूमने का कहकर घर से निकले थे इसके बाद मेरे पापा ने रात करीबन 08.00 से 09.00 बजे के बीच मेरे पापा ने मोबाईल नंबर 7470678998 से मेरे नंबर 7909712869 पर फोन आया। लेकिन मेरी उनसे स्पष्ट बात नहीं हो सकी फिर करीबन 11:30 बजे दोबारा मेरे पापा का फोन आया और बताया कि मैने तुम्हारी मम्मी लीला चैहान को वीरनगर वाले किराये के मकान में गला घोंटकर मार दिया है व लाश घर के अंदर है और मकान की चाबी वहीं पास में खिडकी के पास रखी है। इसके बाद मैं मेरी मम्मी लीला चैहान की गाडी स्कूटी क्रमांक एमपी 13 ईआर 2472 से वीरनगर स्थित किराये के मकान पर पहुंचा जहां खिडकी के पास रखी चाबी से घर का ताला खोलकर अंदर जाकर देखा तो मम्मी लीला चैहान की लाश घर के अंदर वाले कमरे में पड़ी हुई थी नाक से खून से निकल रहा था व गले पर गला घोंटने जैसा चोट का निशान दिखाई दे रहा थे उसके बाद मैं घबराहट में बाहर आया और वीरनगर कालोनी के सिक्योरिटी गार्ड मधुसूदन को बुलाया और 100 नंबर पर भी फोन कर दिया थोडी देर बाद 100 नबंर वाली पुलिस आ गई और जिस पर मैने, सिक्योरिटी गार्ड मधुसूदन व 100 नंबर वाले स्टाफ ने मिलकर मम्मी लीला चैहान की लाश को सी.एच उज्जैन लेकर गये जहां पर डाक्टर ने मम्मी लीला चैहान को मृत घोषित कर दिया इसके बाद मम्मी की लाश को सी.एच उज्जैन के मचुर्री रूम में रखने के बाद ममता जैन, किशोर जैन व वैभव के साथ थाने रिपोर्ट करने आया हूं रिपोर्ट करता हूं कार्यवाही की जावे । जिस पर से आरोपी को गिरफ्तार किया गया, आवश्यक अनुसंधान उपरान्त अभियोग पत्र माननीय न्यायालय में पेश किया गया। प्रकरण में अनुसंधान के दौरान प्रभारी उप निदेशक अभियोजन श्री राजेन्द्र कुमार खाण्डेगर के द्वारा थाना प्रभारी को अनुसंधान में विधिक परामर्श एवं साक्ष्य संकलन हेतु मागदर्शन प्रदान किया। अभियोजन पैरवीकर्ता अधिकारी नितेष कृष्णन , विशेष लोक अभियोजक के तर्कों से सहमत होकर आरोपी को माननीय न्यायालय द्वारा दण्डित किया गया। प्रकरण में लोक अभियोजक श्री रवि कुषवाह द्वारा सक्रिय सहयोग प्रदान किया गया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com